SHRI S. MUTHU MANI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, the inherent sugar muddle is yet another incident which highlights the callous attitude of the functioning of the Union Government. This has also brought to focus the communication gap within the Council of Ministers. Sir, for the first time since Independence, the nation witnessed such a bizarre incident wherein the Food Minister, the Food Secretary, the FCI, the Cabient Secretariat, the Civil Supplies Minister and the Prime Minister's Office accused each other for landing the country on to this avoidable hardship.

Sir, one fails to understand as to what this Government has been doing after knowing well that the sugar production in the country has come down ofer the year. From 134.11 sakh tonnes during 1992-93 season, it decreased to 106.09 lakh tonnes, and it is expected to decrease further to 96 lakh tonnes. Since the Food Ministry already had these figures before it, it was incumbent on the part of the Government to have taken necessary measures like import of sugar to save at least the common man from undue hardship. Sir, the use of sugar is no more limited to urban areas and upper and middle classes. Every household is using sugar. And a large chunk of people depend on sugar given through the public distribution system. Since the bufferstock of sugar had run out, the common man could not get sugar through PDS. Since the Public Distribution System is maintained by the State Government, they have to bear the wrath of the people for no fault of theirs. Repeated requests from the Tamil Nadu Government to send the Central Pool allocation in advance to meet the requirement had fallen on deaf ears. Even the sugar allocation for the PDS in Tamil Nadu is based on the 1981 Census. The Government at the Centre is never realistic in its approach. Otherwise, it would not have kept silent for yeads together despite repeated appeals by our hon. Chief Minister for increased allocation on the basis of current population.

Now, that wisdom has dawned so late is no secret. The Government claims to have imoted sugar, and the Minister in his statement has said that the upward trend in the open market price of sugar has been arrested. The facts are, however, to the contrary.

Even in Delhi, under the very nose of the Government, sugar is sold at Rs. 18 a kg. The poor people, particularly in the rural areas, are unable to buy sugar. It is time the Government acted in a more responsible way.

Since the Government is responsible for the muddle, I want the Prime Minister to fix responsibility on persons who have failed in their duties and take necessary action to show to the country that this would not happen ever again.

Thank you, Sir.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, I must compliment the hon. Member from the other side, Mr. Bhatia, for the nice speech that he has made, because the only conclusion from his speech is that the Governmen can fail but accountability cannot be established, persons can be at default but they cannot be named parties can fail but if criticism is made, it becomes too much political, too much partisan. This is the singular way in which the entire system of the country is sought to be eroded, because we are bidding goodbye to the question of accountability. Can it be denied that there has been a tremendous rise in the price of sugar, can it be denied that the sugar price increased because of scarcity, can it be denied that the increase in the price of sugar has resulted in hardship to the common people? If it is so, on whom should the accountability lie? Who is responsible?

Sir, I hold the Minister of Food singularly responsible for all that has happened. I do not blame the Government in its entirety because the Government as a whole is not to be held responsible. A section in the Government and some among the Ministers have always been saying that there has to be import of sugar. I do not name the entire bureaucracy because a section of the bureacracy has always been telling the truth, that the country should import sugar. That there is a scarcity of sugar was very much palpable in October 1993. Why? Because the area under sugarcane plantation was much less in 1993 than it was in 1992, and there was also the danger of diversion of sugarcane. Taken together, there was a signal for scarcity, and the Government, particularly the Ministry of Food, deliberately slept over the problem of scarcity in order to enable the sugar lobby to reap the benefit and make profit. That is the charge against the Government.

The question is being raised, how could we know that there was the need to import sugar? Sir, it was in October-November that Mr. Sen, the Secretary of Food, in a straigh'-forward note to the Minister, pleaded for the import of sugar, and the hon. Minister of Food did not allow the note to proceed to the Cabinet Committee on Prices. If I am wrong let there be an inquiry. Let there be a full-fledged inquiry where all the papers related to the sugar scandal may be asked to be produced. I am told that the Prime Minister has seized all the papers. If it is so, let there be an inquiry. This is point number one.

Secondly, after that there have been four meetings of the Cabinet Committee on Prices. In most of the meetings it is the Minister of Food who has opposed the idea of import of sugar. If I am wrong, let the minutes of the CPP meeting be placed before parliament of before any impartial enquiry body.

In November, 1993 there was a categorical propocal at least from two Ministers. Let me not name them so that they are not embarssed. They pleaded for import of sugar. The Cabinet Committee also pleaded for import of sugar in the CCP meeting in November, 1993. It was ignored. Why was it ignored? It was because Mr. Kalp Nath Rai stated that he wanted one month's time to see whether the production of sugar would increase. He held out a threat of resignation also. He is reported to have said at one point of time, "Sugar

can be imported only over my dead body."... (*Interruptions*).

Sir, I always plead for proper scrutiny of all the information that I have with me. If there is anything wrong, let there be an inquiry. I plead for an inquiry. Maybe, my information is not true. But, whether it is true or not, the Minister of food had always opposed the idea of import of sugar. It is because of that, despite some of his colleagues having a different idea, that no decision on import of sugar could be taken.

I would like to know whether Mr. Sen. Secretary of the Department of Food, had put a note to the Minister and whether that note was allowed to be sent to the CCP or it was prevented from being sent to the CCP. What was the reason?

Secondly, Sir, in November, 1993, at least two Ministers—one of them is the Minister of Civil Supplies—suggested that there should be import of sugar at least for the Public Distribution System. That was just not done. Who was responsible for it?

In the next meeting in December, 1993, there was again a proposal. That proposal was scuttled, and in that meeting . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You have already consumed double the time you were allotted.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I am coming to the end.

In that meeting, the Minister of Food was instrumental in seeking reduction of the supply of sugar in the open market.

In he third meeting also a proposal was made. In the third meeting one Minister and one important officer said, "Before import of sugar is put in the OGL list, let us import sugar for the PDS." That suggestion was just turned down. Before sugar was sought to be imported for the Public Distribution System, it was put on the OGL system. As a result, the country lost and it lost heavily.

Not only that; also, when the Government decided to purchase sugar, is it true or not that suggestions were made to purchase sugar from the manufacturing countries and not form the sugar lobby? Is it true or not that an important Minister of the Government of India suggested, "A neighbouring country does have a surplus stock of 5 lakh tonnes of sugar, and that sugar can be made available to India on request at a reasonable price."? I want to know whether that request was turned down because a lobby was active, overactive to purchase sugar from the international lobby?

Therefore, Sir, there is an element of collusion. One part of the Government deliberately tried to scuttle any move for import of sugar. One part of the Government deliberately overstated the potentiality of the production of sugar. One part of the Government deliberately collided with the international sugar lobby. One part of the Government gives the handle to the domestic lobby to reap money out of the price increase arising out of the scarcity. Another part of the Government, they are few in number, had been pleading for import of sugar. Their pleading always has been turned down. It has been turned down because the Minister in charge of Food stood in the way. He is personally liable for not importing the sugar; he is liable for being instrumental in reducing the supply of sugar in the open market. he is liable in suggesting that the people of India should not purchase sugar at such a low price when the price of sugar in the international market is so high. He was very much critical because the common people were purchasing sugar at a low price. Therefore, he wanted

to increase the price of sugar at one point of time. Therefore, putting all these points together, I have no hesitation in saying that the hon. Minister and his importent aides, the principal characters in the bureaucracy, who have been aiding and abetting, should not be allowed to stay in office. If he does not resign, let him face an inquiry. Let the inquiry be headed by an impartial body. I do not mind if they are from the Congress Party. I know there are people in the Congress party who are equally agitated just like us. Therefore, let us not look at the problem from the narrow partisan angle. It is a scandal of scandals How long the country is going to see that money is going to be made by these people at the cost of the interest of the nation? money was made out of the Bofors: money was made out of the securities scandal and money is being made out of the sugar scandal. We want accountability to be established. We do not want people to go scot-free. In order to establish accountabiliy , it is time for the hon. Minister to leave his office and face an importial inquiry.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : मानमीय उपसभाध्यक्ष जी, वर्तमान केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री के अन्तर्गत इस देश का जो संसदीय लोकतंत्र का ढांचा है यह बिलकुल नष्ट हो रहा है। हमारे संसदीय लोकतंत्र के कुछ सिद्धांत और प्रक्रियाएं हैं। वर्तमान सरकार के अन्तर्गत एक मंत्री के सचिव का क्या रिश्ता होना चाहिए सचिव से, एक सचिव का दूसरे सचिव से क्या रिश्ता होना चाहिए या जो पी.एम.ओ. का का र्यालय है उनका दूसरे सचिवों से क्या रिश्ता होना चाहिए, सब बिकुल नष्ट हो रहा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, चीनी का उत्पादन घटने वाला है और यह घट रहा है, इसके संबंध में बराबर सरकार को जानकारी थी और इस चीज को खाद्य मंत्री जी ने स्वयं अपने वक्तव्य में भी स्वीकार किया है। उन्होंने कहा है कि 1991–92 में चीनी का उत्पादन 134 लाख 11 हजार टन था, 1992–93 में यह घट कर के 106 लाख 9 हजार टन हो गया और 1993–94 में 96 लाख टन उपादन होने की संभावना थी। लेकिन चीनी की कीमत बराबर बढ़ रही थी आज जैसे कि सभी को जानकारी है कि इस देश में चीनी 20–21 और 22 रुपये किलो मिल रही है और कहीं कहीं नहीं मिल रही है। लेकिन एक बात मेरी समझ में नहीं आ रही है कि जब एक प्रधानमंत्री जी का दौरा अमरीका के लिए तय नहीं हुआ और अमरीका जाते जाते उन्होंने केबिनेट सचिव को इस बात की हिदायत दी कि चीनी के सकट को दूर किया जाए, उसके पहले कोई कार्यवाही नहीं की गई। 17 मई को एक टेंडर फ्लोट करने का आदेश हुआ और उस समय यह आदेश हुआ जिस समय कल्पनाथ राय जी जैसे कि बताया गया गाजीपुर में चुनाव के दौरे पर थे। मैं जयपाल रेड्डी जी को यह बताना चाहता हूं कि कल्पनाथ राय जी उत्तर प्रदेश में बहुत ही लोकप्रिय हैं। उत्तर प्रदेश में 85 सीटों में से 81 सीटों पर कांग्रेस पार्टी हार गई, केवल चार लोग जीते जिसमें कल्पनाथ जी थे भी हैं। लेकिन नकी अनुपस्थिति में, बगैर इनसे पूछे हुए ग्लोबल टेंडर जारी कर दिया गया लेकिन इनकी अनुपस्थिति में, बगैर इनसे पूछे हुए ग्लोबल टेंर जारी कर दिया गया। केवल डेढ़ दिन का समय दिया गया। 17 मई, 1994 को टेंडर फ्लोट किया गया जिसमें कहा गया कि 18 मई, 1994 के बारह बजे से 19 तारीख सुबह 9.30 तक फेक्स या टेलेक्स से टेंडर भेजे जा सकते हैं। इस तरह से ग्लोबल टेंडर के लए समय दया गया डेढ़ दन का, 36 घटे का। डेढ़ दिन का, 36 घटे का और खाद्य सचिव की ओर से इस बात का स्पष्टीकर दिया गया है कि उन्होंने बहुत कोशिश की, लेकिन खाद्य मंत्री चूंकि इस देश में लापता थे, इसीलिये खाद्य मंत्री के साथ सचिव का सम्पर्क नहीं हो पाया। आज के जमाने में टेलेक्स है, आज के जमाने में कलेक्टर अवेलेबल रहते हैं कमिश्नर अवेलेबल रहते हैं, टेलीफोन है, फैक्स हैं, लेकिन खाद्य सचिव का यह कहना कि खाद्य मंत्री से सम्पर्क नहीं किया जा सका, इस बारे में मामले को संदिग्ध करता है। दूसरी ओर मैं इस

ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि एक कामर्स सेक्रेटरी है, उन्होंने यह आरोप लगाया है कि इस केबिनेट सेक्रेटरी पर कि 24 मई, 1994 को जो सचिवों की बैठक हुई उसमें मिनट्स को मिस रिप्रेजेंट किया गया, यानी 24 मई, 1994 को कई सचिवों की बैठक होती है और उसकी जो कार्यवाही है, उसमें तोड़ मरोड़ करके उसको मिस रिप्रेजेंट किया गया। यह आरोप सीधा-सीधा कामर्स सेक्रेटरी ने यहां के केबिनेट सेक्रेटरी पर लगाया है। तीसरा, जब खाद्य मत्री लौटकर आते हैं, 19 तारीख तक सुबह 11, साढ़े 11 बजे के करीब तो इसका एक इन्टरव्यू मैंने पढ़ा है "पायनियर" में 29 मई को कि ये अपने खाद्य सचिव को बुलाते हैं और टेण्डर कैन्सिल किया उसको आदेश देने के पहले खाद्य सचिव से कहते हैं।

"I called for the Food Secretary and asked him, "Can you write on the file that the Prime Minister asked the Cabinet Secretariat to import sugar?" He said he could give the answer after half-an-hour. He returned to say he could not and at 1.20 P.M. I cancelled the decision to import sugar."

तो मैं यह जानना चाहता हूं कि जो खाद्य मंत्री और खाद्य सचिव के बीच में कामर्स सेक्रेटरी ने आरोप लगाया है, इसके सिलसिले में आखिर क्या सत्यता है।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : आपको समाप्त करना पड़ेगा।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं समाप्त तो कर रहा हूं।

दूसरे, 21 मई की रात को जब उन्होंने उस टेण्डर को कैन्सिल कर दिया इसके बाद भी जो एफ०सी०आई० है उसने ग्लोबल टेण्डर के सिलसिले में एक आर्डर किया और 21 मई की रात को 9 बजे तक खुले रहने का निर्देश दिया। मैं पूछन चाहता हूं कि यह सही है या गलत है और अगर ऐसा हुआ तो यह किसके निर्देश पर किया गया क्योंकि सबसे बड़ी जो एक्सट्रा कान्स्टीट्यूशनल अथारिटी आज देश में है वह पी०एम०ओ० है, प्रधान मंत्री का कार्यालय है। प्रधान मंत्री का कार्यालय हर मंत्री के कार्य में हस्तक्षेप करता है। प्रधान मंत्री का कार्यालय हर सचिव के कार्य में हस्तक्षेप करता है। पी०एम०ओ० को इस बात का अधिकार नहीं है। हमारा कन्सेप्ट है, ज्वाइंट रिस्पांसिबिलिटी का और उस फार्म की गर्वनमेंट यहां पर है। हर मंत्री स्वतन्त्र है, फैसला लेने के लिये। लेकिन पग पग पर यहां पर प्रधान मंत्री का जो कार्यालय है वह एक्स्ट्रा कांस्टीट्यूशनल अथारिटी है और वह अपने अधिकारों का तथा जो उसके पास अधिकार नहीं है, उनका भी दुरुपयोग करता है।

इसलिये अन्त में मैं इन सारे तथ्यों को रखते हुए केवल एक बात की मांग करना चाहता हूं कि यह देश में एक बहुत बड़ा घोटाला है, यहां पर गरीब आदमी पिस रहा है, चीनी हमारे सार्वजनिक उत्सवों, शादी और अन्य प्रकार के जो उत्सव होते हैं, उसमें रहती है, हर व्यक्ति को चीनी की जरूरत पड़ती है और आज चीनी 20-22 रुपये प्रति किलो मिल रही है, इसलिए मैं मांग करता हूं कि जिस तरीके से मूंदड़ा कांड के सिलसिले में कमीशन आफ इन्क्वायरी एक्ट, 1952 के अन्तर्गत चीफ जस्टिस छागला से जांच करायी गयी थी, उसी तरीके से इस सारे मामले की जांच कमीशन आफ इन्क्वायरी एक्ट के अन्तर्गत करायी जाये.. **(व्यवधान)** ... वह राजस्थान सरकार ने करवायी है ... **(व्यवधान)**

अंत में मैं इस बात की मांग करता हूं कि जांच आयोग अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत इस सारे मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय के एक सिटिंग जज से करायी जाए, तभी सारा मामला देश के सामने साफ होगा कि इसमें प्रधान मंत्री दोषी है, खाद्य मंत्री दोषी है, खाद्य सचिव दोषी है या कामर्स सेक्रेटरी दोषी है या प्रधान मंत्री का कार्यालय दोषी है।

श्री जनेश्वर मिश्र : (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, कल, जो हमारे बुजग

[श्री जनेश्वर मिश्र]

और भा०ज०पा० के मैम्बर हैं श्री विष्णु कान्त शास्त्री जी उन्होंने हमसे यहां आकर कहा कि तुम चीनी के सवाल पर भी नहीं बोलोंगे ? तो हम उनका भाव समझ गये। उनका भाव था कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी मुलायम सिंह की सरकार को समर्थन करती है इसलिए हम पर आरोप था कि तुम लोग चुप रहते हो और उन्होंने कहा कि देश भर की जनता चीनी के मामले में तबाह है और तुम नहीं बोलोगे। तो उन के बोलने का मतलब था वे लोग जिस तरह के नारे लगा रहे थे—चीनी चोर गद्दी छोड़ो और पता नहीं क्या-क्या उस हल्ले गुल्ले में हम भी हिस्सा लेते, हमारी पार्टी भी हिस्सा लेती। 5 P.M. पहले तो मैं यह स्पष्ट कर दूं कि मुल्क की आम जनता के सवाल पर, चाहे वह हमारे समर्थक लोग रहे हों, चाहे विरोधी रहे हों, जब राजनीति में निर्णय समाजवादी पार्टी का आदमी लेगा तो वह किसी पक्षपात के चक्कर में नहीं फसने वाला। लेकिन मैं अब पूछना चाहता हूं कि अपने लोगों से, अपने से मेरा मतलब विपक्ष के लोगों से है, कल जो गर्मी थी, और..... (**व्यवधान**)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : भा०ज० पा० को विपक्ष मानते हैं या नहीं ?

श्री जनेश्वर मिश्र : अपने लोगों को, भा०ज०पा० भी विपक्ष में बैठती हैं, उन सब लोगों से कि कल जो गर्मी थी कि कल्पनाथ राय जवाब देने के लिए उचित आदमी नहीं, इनसे स्पष्टीकरण हम लोग नहीं मांगेंगे, सीधे प्रधान मंत्री आएं, आज हमको स्पष्टीकरण देना है कि हम क्यों कल्पनाथ राय से स्पष्टीकरण के लिए और उस बहस का जवाब लेने के लिए मजबूर हो गए ? यह क्यों ? दूसरी तरफ सरकार से कहूंगा, कल्पनाथराय तो उस सरकार के छोटे मंत्री हैं, इनसे बड़ी सरकार है, जो नंबर एक पर लोग बैठा करते हैं उनसे, अगर बाजार में चीनी ठीक भाव पर मिलती रहती, गेहूं के मौसम में मैं कल्पनाथ राय जी का बयान पढ़ता था कि खाद्यान्न के मामले में हिन्दुस्तान स्वावलंबी हो गया, अब हम कहीं से नहीं मंगायेंगे। जब हमारे यहां गेहूं ठीक से पैदा होगा हालांकि सरकार गेहूं पैदा नहीं करती, सरकार गन्ना पैदा नहीं करती, चीनी पैदा नहीं करती, वह किसान करता है, मजदूर करता है, कारखाना करता है, लेकिन जब पैदावार ठीक होती है तब तो सरकार अपने पर सेहरा लेती है और जब पैदावार घट जाती हैं तो उसके बाद एक-दूसरे की तरफ सरकार झांकने लगती है। पहले जैसा कि मालवीय जी ने और कई मैंबरों ने बताया कि खाद्य मंत्री ने, माननीय मंत्री जी ने अपने सचिवालय के कई बड़े आफिसरों की तरफ ऊंगली उठाया है कि इन-इन सब का कसूर है। अपने मन से इन सब ने चीनी बाहर से मंगाने का फैसला कर लिया। हम से सलाह तक नहीं लिया अभी मैं सुन रहा था प्रणव मुखर्जी साहब को, इन्होंने कहा कि मार्च के महीने में और बयान भी कह रहा है कि मार्च के महीने में सदन को और संसद् को बता दिया गया था कि चीनी बाहर से मंगाई जाएगी, कमी पड़ रही हैं। विपक्ष कह रहा है कि नवंबर अक्तूबर से, इनका सचिवालय कह रहा है कि अक्तूबर से चीनी की कमी पड़ने वाली है, खुद कल्पनाथ राय जी का वक्तव्य है जिसको हमने पढ़ा है, दो तीन साल पहले से जिस तरह से गन्ने का उत्पादन घट रहा है, चीनी का उत्पादन घट रहा है, इनको एहसास हो गया था कि अब चीनी कम हो जाएगी, बाहर से मंगाना है, इन्होंने अपने वक्तव्य में कहा है, कुछ तो आरोप लगाया पहले अपने सचिवालय पर लगाया, फूड कार्पोरेशन पर लगाया। अब इन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में यह जो गुड़-खांडसारी के किसान हैं इनको छूट दे दी गई। इनकी बक्री बढ़ गई इसलिए चीनी की पदावार कम हो गई। किसानों ने गन्ना कारखानों को कम दिया और महाराष्ट्र में गन्ना कम पैदा हुआ, यह इन्होंने अपने वक्तव्य में कहा है। मैं इसको पढ़ रहा था और तब से मुलायम सिंह पर यह आरोप बनाने की कोशिश, उनकी सरकार पर यह आरोप बनाने की कोशिश कि गुड़-खांडसारी पर पाबंदी

नहीं लगाया, छूट दे दिया इसलिए चीनी का बाजार खराब हो गया। पहले इनका सचिव, उसके बाद उत्तर प्रदेश की सरकार से, फिर और किसी से हमने सुना कि बंगाल की सरकार से, फिर और किसी से हमने सुना कि राजस्थान की सरकार ये सारी विरोधी पार्टी की सरकारें हैं इन्होंने महाराष्ट्र की सरकार के बारे में नहीं कहा, क्योंकि वहां इनकी पार्टी की सरकार है। तो ऐसे नहीं चलेगा। इसके बारे में अपनी दृष्टि साफ करनी पड़ेगी। एक संदेश चला गया इस सदन के मार्फत और सदन के मार्फत नहीं लगातार एक महीने से अखबार की मार्फत जिस तरह से मंत्रालय ने अपने आफिसरों को कभी पागल कह कर विभूषित किया है अखबारों में, कभी सनकी कह कर, कभी बेईमान कह कर विभूषित किया है, एक संदेश चला गया है कि हिन्दुस्तान का चीनी उद्योग उपभोक्ता के सिर पर एक मजा कर रहा है जिसमें अफसरशाह, नेताशाह और थैलीशाह इन तीनों की साजिश चल रही है। तीन लोगों के तिगड्ढे में आज चीनी का उपभोक्ता फंसा है। नेताशाह, अफसरशाह और थैलीशाह। अफसर को शक है, घंटी आपने बजा दिया हैं तो मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं... (**व्यवधान**) मेडन नहीं है, लेकिन हम अपनी बात कह देना चाहते थे। जल्दी-जल्दी में कहेंगे। अफसर को शक हैं मिनिस्टर पर कि अगर इससे पूछकर बाहर से चीनी मंगाएंगे तो यह मंगाने नहीं देगा। मिनिस्टर को शक है अफसर पर कि बाहर से जो चीनी मंगा रहा है, इसमें दलाली खाएगा। अपने मन से मंगा रहा है। हिंदुस्तान के जखीरेबाजों पर शिकायत हो रही है कि क्यों नहीं राज्य सरकारें इन जखीरेबाजों पर पाबंदी लगातीं।

उपसभाध्यक्ष, जो 20 रुपए किलो चीनी हो गयी, 22 रुपए किलो हो गयी और आप जानते हैं कि शादी के मौके पर यह चीनी की कमी हर गरीब आदमी को खलती है। तो उसका जवाब भी सरकार को ही देना पड़ेगा। हम विरोधी पार्टी के लोगों को नहीं देना है। हम तो आपकी आलोचना करेंगे, इसीलिए हम विरोध में हैं और आलोचना भी सिर्फ इस तरह से नहीं करेंगे बल्कि सरकारी पार्टी के लोग और हमारे मित्र जब चुनाव लड़ने जाते हैं, कल्पनाथ राय जी, अभी गाजीपुर के इंचार्ज थे मालवीय जी, अभी-अभी यह चुनाव हुआ है और उस गाजीपुर में इनकी पार्टी को 3 हजार वोट मिले है। यह उसके इंचार्ज भी थे।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : 2 हजार।

श्री माखन लाल फोतेदार : साढ़े 3 हजार।

श्री जनेश्वर मिश्र : अब साढ़े तीन, दो और ढाई में कोई फर्क नहीं हुआ। इसका कोई मायने नहीं हुआ, लेकिन इनको सोचना पड़ेगा कि देश को जनता जो चीनी खाती है, उसका जो दर्द है वह रंग लाता है। आपका वोट इसलिए नहीं घट गया है कि मुलायम सिंह जी की सरकार बन गयी है और आप उसकी मदद कर रहे है बल्कि इसलिए भी कि जो दिल्ली से आप नीति चलाते हैं, उससे खाने-पीने की चीजों पर लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। हो सकता है कि इस सदन में विपक्ष की गर्मी ठंडी हो गयी हो। आज नारेबाजी नहीं हुई। फिर कल्पनाथ राय जी यहां बहस का जवाब देते और वह गर्मी ठंडी हो जाय, लेकिन आदमी का जो दर्द होता है, वह धीरे-धीरे पकते-पकते, चार साल, छः साल के बाद बगावत के रूप में उभरता है, जन-आक्रोश के रूप में उमड़ता है और एक मुद्दा बन जाता है। उपसभाध्यक्ष जी, जो लोग भी सरकार चलाते है, वह यह मानकर चलाते हैं कि वह चुनाव फिर जीत लेंगे। उसके लिए उन्हें पैसा चाहिए, लेकिन वह पैसा-वैसा बहुत काम नहीं करता। उसके कोई बहुत मायने नहीं होते।

उपसभाध्यक्ष जी, अभी मंत्रीजी ने अपने वक्तव्य में कहा है कि एक महीने के अंदर, जबसे यह चीनी बाहर से आने लगी है, तब से चीनी के भाव में गिरावट आई है। मैं उसको ध्यान से पढ़ रहा

था कि कितनी गिरावट आई है। उसमें जो रेंज इन्होंने दिखायी है, उसके अनुसार "एस" ग्रेड की चीनी का थोक मूल्य मई, 1994 की स्थिति के अनुसार वह 1483 से 1630 रुपए प्रति क्विंटल के रेट में चल रही थी, वह घटकर 1994 की स्थिति के अनुसार 1463 से 1565 रुपए के रेंज में आ गयी यानी एक क्विंटल पर 20 रुपया, 15 रुपया घटा है। यह एक किलो पर 4 आने, 8 आने पड़ता है, इससे ज्यादा नहीं। उपसभाध्यक्ष जी, एक तरफ तो जब यह सत्ता में आए थे तब चीनी 6 रुपए किलो बिक रही थी और आज बिक रही है 22 रुपए किलो। यह हमको गणित पढ़ा रहे हैं कि 8 आने और 4 आने के हिसाब से चीनी घट रही है। हमें कल्पनाथ राय जी या नरसिंह राव जी यही आश्वासन देते कि जब वह कुर्सी पर बैठे थ, उस समय के भाव पर चीनी का भाव कर देंगे तो भी समझ में आता। अब खांडसारी पैदा करने वाले गरीब किसानों को दोष देने से काम नहीं चलेगा। उस समय हम लोगों की सरकार नहीं थी। पंत जी की सरकार थी और रफी अहमद किदवई उस समय खाद्य मंत्री थे। उत्तर प्रदेश में चीनी और गन्ने की कीमत तय करने के लिए उनकी एक कमेटी बनी। उस कमेटी में उन्होंने बताया कि जितने आने मन गन्ना बिके, उतने रुपए मन चीनी बिकनी चाहिए यानी गन्ना से चीनी तक 16 गुने का फासला होना चाहिए। उपसभाध्यक्ष जी, उन दिनों नया पैसा, यह सौ पैसे वाला नहीं चलता था। वह रफी अहमद किदवई हम लोगों के नेता नहीं थे। वह कांग्रेस पार्टी के नेता थे और उस समय कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। अगर गन्ना पैदा करने वाला किसान यह मानता है कि, वह जो चीनी कारखानेदार को देता है तो उसका पेट नहीं भरता और जो सिंचाई के रेट बढ़े हैं, खाद के दाम बढ़े हैं तो वह अपने घर में अगर गुड़ पैदा करता है, तो क्या गुनाह करता है? उसकी तरफ उंगली उठाने की आज क्या जरूरत पड़ गयी?

उपसभाध्यक्ष महोदय, आखिर में इन्होंने स्वीकार भी किया है कि चीनी की कमी को दूर करने के लिए गुड़ जैसी मीठी चीजों को बाजार में उपलब्ध कराने की कोशिश भी की जा रही है। इन्होंने यह अपने बयान में कहा है। आप एक तरफ गुड़ को स्वीकार भी करते हैं कि चीनी की कमी को दूर करने के लिए इसकी उपलब्धता बढ़ायी जाएगी और दूसरी तरफ गुड़ पैदा करने वालों को यह दोष देते हैं कि इन्होंने खांडसारी और गुड़ ज्यादा पैदा कर दिया। उसका बाजार में आवागमन बढ़ गया, इसलिए चीनी का उत्पादन कम हो गया। तो हम यह मानकर चलते हैं कि इस समय जो लोग सरकार चला रहे हैं, उनकी सोच किसान विरोधी है। उनके ऊपर कई तरह के आरोप लगे हैं, लांछन लगा है और उस लांछन और आरोप को देखते हुए... (**व्यवधान**) ...

श्री शिवाजीराव गिरिधर पाटिल : एक मिनट। हमने यह कभी नहीं कहा है कि गुड़ बंद हो। यह तो ट्रेडिशनल है और वह फंडामेंटल राइट है किसान का। खांडसारी के बारे में कहते हैं क्योंकि खांडसारी वाले जब गन्ना ज्यादा होता है तो कौड़ी की कीमत में गन्ना लेते हैं और जब कम होता है तो ज्यादा कीमत में लेते हैं। तो आप खांडसारी की बात बोलिए। हमने गुड़ की बात नहीं कही है।

श्री जनेश्वर मिश्र : इसमें गुड़ भी लिखा हुआ है। इस वक्तव्य को आप पढ़ लीजिएगा, गुड़ और खांडसारी दोनों है। केवल खांडसारी नहीं है, लेकिन यह सच है कि गन्ना खरीदने वाला किसान जब गुड़ पैदा करने लगता है, खांडसारी पैदा करने लगता है तो चीनी पैदा करने वाले कारखानेदार की आंख में वह खटकने लगता है। एक चीनी की लाबी होती है इस देश में, जो गुड़ को पसंद नहीं करती, खांडसारी को पसंद नहीं करती।

उपाध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य ने अगर मुझे टोक दिया तो अच्छा ही किया। यह दो लाबी लड़ती रहती है। एक किसान लाबी होती है और एक कारखानेदार की लाबी होती है। तो विपक्ष ने जो मांग की है, इस पर एक निष्पक्ष जांच होनी चाहिए क्योंकि देश की जनता जो चीनी खा रही है, वह बहुत कड़वाहट से खा रही है। उसके दिल में दर्द हो रहा है कि यह जो दिल्ली में बैठे हुए लोग हैं, जिसमें हम लोग भी हिस्सेदार हैं, यह मत मानकर चलिएगा कि हम लोग हिस्सेदार नहीं माने जाते, उनका ध्यान नहीं रखते। हम सब के सब दोषी होंगे अगर कोई जांच करके जनता के सामने दस्तावेज नहीं गया कि सरकार, संसद और देश को चलाने वाले लोग निष्पक्ष थे, किन्तु कई मजदूरियों के कारण चीनी के दाम बढ़ गए। अगर यह संदेश देश की जनता के सामने एक दस्तावेज के रूप में, कमेटी की रिपोर्ट की शक्ल में नहीं गया तो हम लोग बहुत बड़े दोषी होंगे और उस दोष का खामियाजा आज नहीं बल्कि दो साल बाद, पाच साल बाद हमको भुगतना पड़ेगा।

आपने समय दिया, आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

SHRI G. G. SWELL (Meghalaya): Mr. Vice-Chairman, so much of heat, passion and anger were generated over sugar. I hope I will be able to import sanity and rationality within the few minutes that I have at my disposal. My first question to the Minister is: Does he feel honourably that he is still Minister? (*Interruptions*). I am putting a question to you. I repeat: Do you feel honourably that you are still a Minister? You can answer that question. Sir, yesterday during his intervention in the Lok Sabha he is reported to have thrown up his hands and said and I quote:

> "What can I, as a Minister, do when in a democracy officials take decisions involving Rs. 400 crores?"

It is a candid admission of his helplessness. It is a candid admission that he is in conflict with his own officials. (*Interruptions*). It is a candid admission that even at this stage he is against import. I would like him to answer this question: Is it a fact that in Novemper last year his Food Secretary had put up a letter to him to be put up to the Cabinet, Cabinet Committee on Prices, that there was a serious shortage of sugar in the country and that import was necessary? Is it not a fact that he not only did not forwarrd that letter to the Cabinet Commitee on Prices, but he also had that letter changed into asking for more assistance for the prodution of sugar within this country at this late stage? I would like him to say, 'Yes' or 'No'. Even in the month of December he reported to the Cabinet Committee on Prices. These are his words. I quote:

> "As per the latest estimate, the production of sugar was expected to be around 107 lakh tonnes in the year 1993-94."

He made noises that the production would go up even to 115 lakh tonnes. That was his report to the Cabinet Committee on Prices. You look at his statement which he made yesterday where he said that the sugar production came down from 134 lakh tonnes in 1991-92 to 106 lakh tonnes in 1992-93 and now it has come down to 96 lakh tonnes. It this not a misstatement? Is this not an attempt to cover-up? Does it not prove that it is an attempt to create a false sense of complacency for which you are responsible because you have a lobby of vested interests, i.e. your friends, the sugar mill owners. There are so many names. I would like to know from the hon. Minister whether the Prime Minister has taken action to clip his wings. This paper says that the PMO has set up three Committees. The first Committee is set up under the Chairmanship of the Commerce Secretary, Shri Tejinder Khanna. It is expected to take all decisions concerning

[Shri G. G. Swell]

the import of sugar, not you, Mr. Minister. The second Committee that has been set up is to ensure adequate availability of sugar under the PDS. It has been set op under the Chairmanship of another person. The third Committee is set up to coordinate activities concerning macro management of sugar crisis, the overall management, not the management relating to one or two sugar mill owners who are your friends. Is it not clipping of your wings? What else have you got to do? Short of dropping you from the Cabinet, the Minister has taken away all your powers.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: He is the most powerful man. He is the most powerful man by having the most powerful lobby. How can he be powerless?

SHRI G. G. SWELL: Now, I would like to know, Sir, whether there is any sense of self-respect in the Minister. How can he remain in office? (*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: That is the most scarce commodity in the country

SHRI S. JAIPAL REDDY: That is to be imported through OGL...(*Interruption*).

SHRI N. E. BALRAM: And the Finance Minister will help us... (*Interruptions*).

SHRI GURUDAS GUPTA: For that, you must put a question to hon. Manmohan Singhji whether he is ready to put this on the list of OGL...(*Interruptions*)...

SHRI G. G. SWELL: Since you have rung the bell...(*Interruptions*)

SHRI SATISH AGARWAL: He can only assure a duty free import...(*Interruptions*).

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I can assure you that it is definitely available in many of the Western countries for which the hon. Finance Minister is having the greatest regard. You can have it in abundance.

SHRI G. G. SWELL: Sir, since you have rung the bell, I would like to conclude in two or three or four seconds. I am not one of those who blame the entire Government for all that has happened. But somebody has to be held responsible. Who is to be held responsible? When there are precedents in the country, when even the Minister was not directly involved, yet because something wrong had taken place within his Ministry... (*Interruptions*).

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It is the market condition which is to be blamed and not the Minister.

SHRI G. G. SWELL: I am talking of the precedents...(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Allow him to conclude.

SHRI G. G. SWELL: When something wrong had happened in the Ministry and although the Minister was not directly involved in it, yet the Minister had taken moral responsibility and had resigned. We have here the instance of the Finance Minister—there may be controversies about that—when he did offer his resignation. Now, here I am saying: not only myself, the entire House and also the Prime Minister are pointing their fingers at you. I would like to know whether you honourably feel that you are still the Minister. Please consider, Sir, if he still continues to be the Minister, what is he going to do to repair the damage? How much the people of India have had to pay in terms of this increase, abnormal increase, in the price o fsugar? How many crores of rupees the people of India paid as a result of your delay and your bungling. (*Interruptions*) I am not Coming to the Commerce Minister and the Finance Minister requesting for subsidy and all that. It was because of your bungling and because of all these kinds of publicity, the international sugar lobby

has raised the price of sugar from 250 dollars per tonne to over 400 dollars per tonne. The country needs an answer for all these things. Who is responsible? It is you who are responsible. How are you going to repair the damage? That is all. Thank you very much, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Shri Jagmohan. Your name was given but the entire time has been consumed by the Member of the U.P.G.

SHRI JAGMOHAN (Nominated): Sir, I had to raise a number of points but they have already been raised. The only point which has not been mentioned out of the list which I have is about public servants and I have to speak on behalf of them. What has happened in this case is that the public servants have been publicly rebuked and they have no defence. Apart from the personal affront to the officer concerned, my worry is that this will further deteriorate the morale of the services, their effectiveness and their efficiency. I think that this is a very important aspect today. Quite a lot of Indian problems are due to inefficiency, ineffectiveness lack of confidence in the officers and the rift that is there within the administration. I think this type of a thing that is happening is not good for the country. Also, while making public statements, we should display a greater maturity because this has a very great impact on the public servants. The second point that I would like to emphasise is that this type of problem can be inquired into by a commission of inquiry only or by a committee which has the power to interrogate, question, cross-examine, see the files and then come to the conclusion. You cannot just come to conclusions on the basis of reports as to how far the officials were responsible, how rar the other people were was responsible. In this connection. I remind you of one tthing. When the LIC scandal took place, it was only an item. But Pandit Nehru had no hesitation in ordering an enquiry. Mr. T. T. Krishnamachari owned the responsibility and he resigned. It was later decided that he was not the person who took the final decision in the matter. Since you have given me only one minute, I would like to confine myself to these threee points.

Thank you, Mr. Vice-Chairman.

(उपसभापति महोदया, पीठासीन हुईं)

श्री राज नाथ सिंह (उत्तर प्रदेश) : महोदया, भारत सरकार के खाद्य मंत्री के द्वारा दिए गए वक्तव्य पर आज इस सम्मानित सदन में चर्चा हो रही है। हमारे विद्वान सदस्यों ने बहुत से महत्वपूर्ण बिंदुओं की ओर इस सदन का ध्यान आकर्षित किया है। मैं उन बिंदुओं की चर्चा करके उनको पुनः दोहराना नहीं चाहता हूं लेकिन यह बात सच है कि इस कांग्रेस सरकार के रहते कई घोटाले प्रकाश में आए हैं। संसद के दोनों सदनों में उन पर गंभीर चर्चाएं भी हुई हैं और कई आयोग भी जांच के लिए बैठे, ज्वाइंट पार्लियामेंटरी कमेटीज़ बैठीं लेकिन जांच के द्वारा कुछ भी निकलकर बाहर नहीं आया और किसी के ऊपर भी उन घोटालों की जिम्मेदारी सुनिश्चित नहीं हो पाई। उसका परिणाम यह हुआ कि आज की राजनीति और आज के राजनीतिज्ञों पर से जनसामान्य का विश्वास उठता जा रहा है। आज सारे देश में इस बात की चर्चा हो रही है कि देश में चीनी की कीमतें इतनी तेजी के साथ क्यों बढ़ रही हैं। निश्चित रूप से कहीं न कहीं घोटाला है चाहे वह सरकार के किसी प्रतिनिधि के द्वारा हो अथवा ब्यूरोक्रेसी के द्वारा हो लेकिन कहीं न कहीं कोई गड़बड़ी है जिसके कारण चीनी की कीमत इतनी तेजी के साथ बढ़ रही है। आज इस विषय पर हम सब बैठकर गंभीरतापूर्वक चर्चा कर रहे हैं लेकिन मैं जानता हूं कि देश की जनता को यह विश्वास होगा कि भले ही संसद में चर्चा हो जाए, भले ही कोई कमीशन इंक्वायरी के लिए बैठा दिया जाए लेकिन इन बढ़ती हुई कीमतों के लिए जिम्मेदार कौन है, इसे कदापि सुनिश्चित नहीं किया जाएगा। न तो किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और न तो उसको दंडित किया जाएगा।

महोदया, मैं उन बिंदुओं की ओर अपने को नहीं ले जाना चाहता हूं जिनकी ओर हमारे विद्वान सदस्यों ने इस सदन का ध्यान आकर्षित किया है लेकिन प्रधानमंत्री जी ने इसी सदन में एक वक्तव्य दिया था। उन्होंने कहा था कि सारी वस्तुओं की कीमतें जब बढ़ती हैं तो उसके पीछे मूल कारण यह होता है कि मांग अधिक होती है और आपूर्ति कम होती है। अर्थशास्त्र के इस सिद्धांत से कहीं पर हमारी रंचमात्र भी असहमति नहीं हो सकती। अर्थशास्त्र का यह सिद्धांत सही है कि यदि डिमांड बढ़ेगी, सप्लाई कम होगी तो स्वाभाविक है कि इसेंशियल कमोडिटीज़ की कीमतें बढ़ेंगी लेकिन सवाल यह पैदा होता है कि हमारा यह देश किसानों का देश है। यहां 75 फीसदी जनता खेती पर निर्भर करती है और बहुत बड़ी जनता यह मानकर चलती है कि गन्ने की खेती इस प्रकार की खेती है कि जिसके द्वारा हम अच्छी कीमत, लाभकारी कीमत हासिल कर सकते हैं लेकिन दुर्भाग्य यह है कि हमारे देश में गन्ना किसानों को जैसा लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है ।

अब कुछ आंकड़े खाद्य मंत्री महोदय ने अपने वक्तव्य में दिए हैं कि 1991–92 में यहां पर 134 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन होता था जो 1992–93 में 106 लाख टन हो गया और फिर 1993–94 में घटकर कुछ और हो गया। यह लगातार घटता जा रहा है, उन्होंने अपने वक्तव्य में इस बात को स्वीकारा है और इसके दो कारण उन्होंने बताए हैं। एक कारण तो यह बताया है कि गुड़ और खांडसारी के जो निर्माता हैं, उन निर्माताओं की ओर गन्ना किसान अपने गन्ने को डाईवर्ट कर देता है, उनको बेच देता है। इसलिए चीनी मिलों की तरफ गन्ना नहीं पहुंच पाता है। यह एक बड़ा कारण है, यह एक मूल कारण है जिसकी वजह से चीनी का उत्पादन गिर रहा है । चीनी का उत्पादन गिर रहा है। लेकिन हमें यह भी गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा कि चीनी का उत्पादन क्यों गिर रहा है। वह है गन्ना, गुड़ और खांडसारी के निर्माताओं की तरफ डाइवर्ट हो जाने के कारण। इसका कारण क्या है श इसका कारण यह है कि चीनी मिलें उन को लाभकारी मूल्य नहीं दे पाती है। इसलिए किसानों को जहां भी अपना लाभकारी मूल्य मिलता है वे वहां पर अपने गन्ने को ले जाकर बेचते हैं। इसलिए लाभकारी मूल्य न मिलने का सिलसिला एक लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन हम जब चीनी की नीति का निर्धारण करते है तो चीनी निर्माताओं के हितों का ध्यान रखकर करते हैं, गन्ने के उत्पादन करने वाले किसानों और उपभोक्ताओं का हम ध्यान नहीं रखते हैं। केवल शूगर लॉबी को ध्यान में रख कर अपनी नीतियां बनाने का काम करते हैं क्योंकि इसी शुगर लॉबी के द्वारा चुनाव लड़ने के लिए चंदा मिलता है, इसी शूगर लॉबी के द्वारा अपनी राजनीतिक गतिविधियां चलाने के लिए चंदा मिलता है। इसलिए हम उपभोक्ताओं और किसानों की उपेक्षा करते हैं। अगर मांग के अनुरूप हम गन्ने का उत्पादन नहीं बढ़ाएंगे तो दाम बढ़ेंगे। लेकिन आप ने लाइसेंस प्रणाली में चीनी उद्योग को बांध रखा है। मुझे स्मरण है कि उत्तर प्रदेश में जब हमारी पार्टी की सरकार थी तो उस समय 50 चीनी मिलों को लाइसेंस देने के लिए हमने अनुरोध किया था भारत सरकार से लेकिन एक भी चीनी मिल को लाइसस नहीं दिया गया। तो कैसे हम चीनी का उत्पादन बढ़ाएंगे, कैसे चीनी का दाम इस देश में कम करेंगे । यदि जान बूझकर इस चीनी के संकट को हम बनाए रखना चाहते है, यह सरकार चीनी के संकट को बनाए रखकर चाहती हैं, कि हम को चीनी विदेशों से इंपोर्ट करने का अवसर मिले तो जब चीनी का आयात करने का अवसर मिलेगा तो निश्चित रूप से उस में कमीशन खाने का भी अवसर मिलेगा । इस लिए जानबूझकर ऐसे नीति आप बनाते है, यह केवल किताबी नीति है, किताबी कमी है चीनी की। हमारा यह कहना

है कि चीनी उद्योग की लाइसेंस से मुक्त कर दें तभी जाकर चीनी संकट से आप इस देश को उबार सकते हैं।

महोदय हमारी सरकार ने डिकंट्रोल कर दिया मोलेसेज को, शीरे को। उस का परिणाम यह हुआ कि शीरे की कीमतें 5 से 6 गुनी अधिक बढ़ गई और आज स्थिति यह है कि उस की कीमतें 15 से 20 गुना बढ़, गई हैं। उसका लाभ किस को मिला? इसका लाभ मिला चीनी के मिल मालिकों को। जो शराब बनाते हैं, शीरे की कीमतें बढ़ जाने से उन्होंने शीरे से शराब का निर्माण करना बंद कर दिया, लेकिन उन्होंने गुड़ का उपयोग शुरू कर दिया। स्वाभाविक है कि जहां चीनी की कीमतें तेजी के साथ बढ़ रही हैं तो उस समय सामान्य लोग जो गुड़ और खांडसारी का प्रयोग करते थे, जो गरीब लोग गुड़ और खाडसारी से अपना मुंह मीठा किया करते थे, इन के दाम बढ़ जाने के कारण शुभ अवसरों पर भी जिस मीठे का उपयोग उन को करना चाहिए, वह नहीं कर पा रहे हैं। एक गंभीर संकट पैदा हो गया है। इसमें गलती किसकी है? फूड सेक्रेटरी की है, कामर्स सेक्रेटरी की है, पी.एम.ओ., प्राइम मिनिस्टर आफिस के किसी प्रतिनिधि की गलती है, जब कोई आयोग बैठा कर सारे मामले की जांच कराई जाए तब तो यह बात निकल सकती है कि वास्तव में इसके लिए जिम्मेदार कौन है। लेकिन मैं श्री कल्पनाथ राय जी को अच्छी तरह से जानता हूं। छात्र जीवन में यह हमारे नेता रहे हैं और बड़े दिलेर किस्म के नेता रहे हैं। लेकिन शासन की कुर्सी पर बैठने के बाद भी उन की दिलेरी और सदाशयता में अंतर नहीं आया है। आज मैं जब यहां बोल रहा हूं तो कल्पनाथ राय जी जब इस चर्चा के उत्तर देने के लिए खड़े हों तो निश्चित रुप से उसी दिलेरी के साथ यह बात कह सकेंगे कि आज इस देश में चीनी की जो कीमतें तेजी के साथ बढ़ रही हैं, उस के लिए जिम्मेदार कौन है? मैं समझता हूं जिस दिन कल्पनाथ राय जी अपनी इस दिलेरी का परिचय दे देंगे वास्तव में वह देश के हीरो बन जायगे। आज इसी दिलेरी से वह मंत्री बने हुए हैं कल उनकी जगह कोई दूसरा मंत्री बन सकता है।...

उपसभापति : कल तो इनको चोर कह रहे थे। (**व्यवधान**) अभी आप छोड़ दीजिए आपका समय खत्म हो गया।

श्री राज नाथ सिंह : मैं मंत्री महोदय से जानकारी चाहूंगा कि फूड मिनिस्टरी ने इस स्केयरसिटी के बारे में तथा चीनी को इम्पोर्ट किये जाने के बारे में प्रस्ताव केबिनेट के पास कब भेजा था, किस तिथि को भेजा था? दूसरे केबिनेट के समक्ष वह कब प्रस्तुत किया गया? इस बीच जो विलम्ब हुआ उस विलम्ब के लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इसके लिए केबिनेट सेक्रेटरी जिम्मेदार है? मैं चाहूंगा इस प्रश्न का उत्तर भी मंत्री महोदय जब उत्तर दें तो देने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त और ज्यादा न कहते हुए मैं पुनः विनम्रतापूर्वक चिर-परिचित होने के नाते खाद्य मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि जरा मेरी तरफ नजर उठाकर देखें। मैं जानता हूं कि खाद्य मंत्री जी की नजर मुझ से मिल जायेगी तो पूरी हिम्मत और दिलेरी के साथ जिम्मेदारी सुनिश्चित कर सकेंगे कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। मेरे इस प्रश्न का उत्तर देने का कष्ट करें कि क्या प्रधान मंत्री कार्यालय के कारण सारा विलम्ब हुआ है? क्या प्रधान मंत्री कार्यालय इसके लिए जिम्मेदार है; उन सारी स्थितियों से सदन को अवगत करायें जिनके कारण उन पर दोषारोपण हो रहा है। मैं चाहूंगा इन सब बातों से अवगत कराकर उन दोषों से मुक्ति प्राप्त करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

उपसभापति : कल्पनाथ राय जी उत्तर दीजिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं एक मिनट लेना चाहता हूं।

श्री प्रकाश यशवंत अम्बेडकर: मैडम,...

उपसभापति : आपको क्या कहना है?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं एक मिनट लूंगा (**व्यवधान**) मेरी जानकारी में है कि प्रधान मंत्री ... (**व्यवधान**)

उपसभापति : आप बीच में मत बोलिए। (**व्यवधान**)

Please sit down... (Interruptions) No, it is not going on record. I have first identified him. Yes, Mr. Ambedkar, what do you want to say?

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: Madam, my name was listed for the discussion but I find that my name is being omitted.

SHRI G. G. SWELL: Give him five minutes, Madam.

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: Madam, I am not going to speak now, but quite often I find that whenever I give my name, this is what is happening. I do not know what is going on.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There are no clarifications today. There was a meeting of the leaders of the various political parties and groups, and they said that there would be no clarifications and it would be in the form of a Short Duration Discussion. When we converted it into a Short Duration Discussion, every party or group had its allocated time. According to that, whichever group you belong to, we have not omitted anybody's name. We have kept everybody's name in order.

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: I do not know from which party which people have not spoken. There are many parties over here for which time has been allotted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You belong to the U.P. Group.

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: Madam, I know that I belong to a group. I would like to know who have been dropped from all other parties also.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Two people spoke from your group.

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: No, only one.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jagmohan, you spoke. Are you with the sme group or separate? Mr. Jagmohan also spoke.

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : माननीय उपसभापति महोदया, सभी मित्रों ने जो सवाल उठाये हैं, मैंने उन सब मित्रों की बातों को सुना है। यहां शुगर की कन्ट्रोवर्सी कब उठी ? तीन महीने पार्लियामेंट चला फरवरी, मार्च और अप्रैल, लेकिन महोदया इन तीन महीनों के अंदर इस सदन में या उस सदन में किसी भी माननीय सदस्य ने चीनी के संकट के सवाल को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से, कामरोको प्रस्ताव के माध्यम से या किसी माध्यम से नहीं उठाया। ... (**व्यवधान**)

श्रीमती सुषमा स्वराज : उठाया, विजय जी ने उठाया। ... (**व्यवधान**) ...

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : यह बिल्कुल गलत है। मैंने तीन बार यहां यह सवाल उठाया, पिछले सेशन में और तीनों बार कहा गया कि... (**व्यवधान**).

Don't make a wrong statement. .... (*Interrnptions*) ...

SHRI MD. SALIM: The Special Mentions were there.

श्री कल्पनाथ राय : प्रधानमंत्री ... (**व्यवधान**) ... मैंने ... (**व्यवधान**). जब मैंने यह कहा है तो ... (**व्यवधान**) सुनिये, कोई मंत्री किसी प्रश्न का जवाब दे या कोई मंत्री ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे या कामरोको प्रस्ताव का जवाब दे, ऐसा कोई भी अगर दोनों सदनों में कभी आया हो तो मैं यह बात...

उपसभापति : स्पेशल मेंशन आया है।

श्री कल्पनाथ राय : स्पेशल मेंशन के लिये हम कोई जवाब नहीं देते ह ...(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद सलीम : मंत्री जी बिल्कुल गलत बोल रहे हैं। स्पेशल मेंशन के लिये यू आर एकाउन्टेबल। ...(**व्यवधान**)...

†شری محمد سلیم : منتری جی بالکل غلط بول رہے ہیں۔ اسپیشل مینشن کے لئے "یو۔ آر اکاؤنٹیبل" ... "مداخلت"۔

श्री कल्पनाथ राय : आप मेरी बात सुनिये।

उपसभापति : आप बैठ जाइये।

श्री कल्पनाथ राय : मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि जो सवाल जवाब आमने-सामने होते हैं, इस प्रकार का कोई प्रश्न नहीं आया। अगर स्पेशल जवाब आता है।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: So what? That is the reason for this failure. Is this an argument?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Gurudas Gupta, let him finish the reply.

श्री कल्पनाथ राय : मैंने आपकी बातें सुनी। हमारे साथियों ने जितने आरोप-प्रत्यारोप लगाये, मैंने उन सब बातों को सुना तो हमें भी अपनी बात को कहने का अधिकार होना चाहिये। मैं आदरणीय सिकन्दर बख्त साहब, जयपाल रेड्डी जी और जोशी जी से निवदन करता हूं कि आप बतायें कि कब पूरे देश के पैमाने पर यह संघर्ष या यह चीनी का सवाल पैदा हुआ? मैंने कहा कि अगर सवाल की कोई गंभीरता होती तो लोकसभा के अंदर या राज्यसभा के अंदर उसी रूप में इसे लाया गया होता। लेकिन यह सवाल उठा 19 मई को।

डा. मुरली मनोहर जोशी : सदन में पहले उठ चुका है यह सवाल। ...(**व्यवधान**)...

†[]Transliteration in Arabic script.

उपसभापति : एक मिनट। कल्पनाथ राय जी आप जरा एक मिनट बैठिये। अगर उनको यह पता नहीं है कि आपने स्पेशल मेंशन किया था तो मैं उनको यह बता देती हूं– क्योंकि कालिंग अटेंशन नहीं हुआ है, अगर कालिंग अटेंशन होता तो मंत्री जी यहां आते या कोई क्वेश्चन होता तो उसका जवाब उनको देना पड़ता। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। मैं बता रही हूं। अगर स्टार क्वेश्चन होता तो उनको याद रहता। ...(**व्यवधान**)...एक आदमी बोलिये। ...(**व्यवधान**)...बहरहाल शुगर फैक्टरीज के क्वश्चन के बारे में उनको बता दें। कल्पनाथ जी यहां स्पेशल मेंशन के जरिये यह सवाल उठा था। हो सकता है कि आपके पास पहुंचा हो या नहीं पहुंचा हो, आपने जवाब दिया हो या न दिया हो, बहरहाल यह हाउस में उठा था। ...(**व्यवधान**)...

श्री कल्पनाथ राय : आप मेरी बात सुनिये। आप...

श्री सिकन्दर बख्त : सिफ एक सवाल।

شری سکندر بخت : ختم تو کروائیے

श्री कल्पनाथ राय : आप नेता है, मेरी बात सुनिये।

श्री सिकन्दर बख्त : एक गुजारिश मेरी सुनिये। सदर साहिबा, पहली बात तो यह है कि स्पेशल मेंशन उठा हो, कभी भी उठा हो पर उठा है। दूसरी बात यह है कि यह सवाल उठा या नहीं उठा लेकिन चीनी की कीमत क्यों बढ़ी?

شری سکندر بخت : ایک گذارش میری سنئے۔ صدر صاحبہ پہلی بات تو یہ ہے کہ اسپیشل مینشن اٹھا ہو۔ کبھی بھی اٹھا ہو میرے اٹھا ہے۔ دوسری بات یہ ہے کہ یہ سوال اٹھا یا نہیں اٹھا لیکن چینی کی قیمت کیوں بڑھیں۔

श्री कल्पनाथ राय : जोशी जी, मैं आपकी एक एक बात का जवाब दूंगा। आपकी बातें मैंने सुनी हैं। एक बार भी मैंने टोका-टोकी नहीं की है। आप मेरी बात सुनिये। कोई हमारी बात हो, आप हमें कहें कि सुधारिये तो हम आपकी बात मानने के लिए तैयार हैं। लेकिन हमारी बात आप सुनिये। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो सवाल पूरे देश के पैमाने पर उठा यह तब उठा जब 19 मई को मैंने एक कंट्रेक्ट को, टेंडर को कैंसिल किया। आदरणीय मल्होत्रा जी और इस सदन में सभी दलों के लोग मौजूद हैं, सिकन्दर बख्त जी, आप भी यहां केबीनेट मिनिस्टर रहे हैं, हम लोग विरोधी दल में रहे हैं। जनतंत्र में कभी आप सत्ता में आएंगे और कभी हम सत्ता में आएंगे। यह लोकशाही का तरीका है **(व्यवधान)** मैं आपसे इतना निवेदन करना चाहता हूं कि यह सवाल कब उठा। एक मिनिस्टर जो लगातार तीन महीने तक संसद के अधिवेशन में मौजूद रहा है, क्या एक मिनिस्टर से संबंधित विभाग के मंत्री से राय लिये बिना, पूछे बिना क्या कोई बड़ा टेंडर या आयात-निर्यात का निर्णय देश के कुछ नौकरशाह ले सकते हैं?

श्री एस. जयपाल रेड्डी: नहीं ले सकते हैं **(व्यवधान)**

डा. मुरली मनोहर जोशी : नहीं ले सकते हैं **(व्यवधान)**

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, this is not the point. we are not interested to know that.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA: I am interested in listening to Kalp Nath Rai.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: He is beating about the bush.

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश): नौकरशाह भी प्रजातंत्र के हिस्से हैं। वह भी प्रजातंत्र को चलाने में मदद करते हैं। यह कहना बिलकुल गलत है कि वह कोई अपने अधिकारों के कारण या उनके सीमित होने के कारण, वह फैसला नहीं कर सकते हैं। अगर मंत्री उपलब्ध नहीं है या फैसला करने में मदद नहीं देते हैं तो नौकरशाह नेशनल इंट्रेस्ट में फैसला कर सकते हैं और निणय ले सकते हैं **(व्यवधान)** मंत्री, अगर ऐसा है तो प्रधान मंत्री से कहें और उन नौकरशाहों को.. **(व्यवधान)** अपमानित करना या गाली-गलौज करना **(व्यवधान)**

श्री अजीत जोगी: क्या भाजपा के आफिस का यह नियम है कि सिविल सर्वेंट इतना महत्वपूर्ण आखरी फैसला कर सकता है? **(व्यवधान)** क्या आपकी पार्टी का यह विषु है? **(व्यवधान)**

श्री आर. के. धवन (आंध्र प्रदेश): चतुर्वेदी जी, आप भी कई मिनिस्टरीज में इतने बड़े अफसर रहे हैं **(व्यवधान)** मिनिस्टर के बिना कोई फैसला नहीं कर सकता **(व्यवधान)**

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: कर सकते हैं अगर नेशनल इंट्रेस्ट में हो तो बिल्कुल कर सकते हैं **(व्यवधान)**

श्री आर. के. धवन: बिलकुल नहीं कर सकते हैं **(व्यवधान)**

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: फाइनेंस मिनिस्टरी से बात करने के बाद अवश्य कर सकते हैं **(व्यवधान)**

श्री आर. के. धवन: अपने आप ऐसा नहीं कर सकते हैं **(व्यवधान)**

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी: लेकिन उसका इलाज गाली-गलोच नहीं है **(व्यवधान)**

श्री आर. के. धवन: चतुर्वेदी जी, आपको ऐसी बात नहीं करनी चाहिये **(व्यवधान)** क्या आपने कभी ऐसा फैसला अपने आप लिया था **(व्यवधान)** क्या बात करते हैं आप **(व्यवधान)**

श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी : मैंने क्या फैसला लिया था, वह आप भी जानते हैं (**व्यवधान**) लेकिन मैं सब इस वक्त नहीं कहना चाहता हूं (**व्यवधान**)

श्री आर० के० पवन : चतुर्वेदी जी, सुनिये, मैंने आपकी वर्किंग देखी है (**व्यवधान**)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, this is not the issue of the House. I appeal to both of them... (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am not allowing the discussion to go in this direction. (*Interruptions*). Please sit down. I am not allowing anything. Please sit down. I want to guide. Mathur Sahib, please sit down. I am not alllowing it.((*Interruptions*). Order in the House. (*Interruptions*) I will have to take some action. I am sorry, Mr. Mathur. If you are not going to abide by the thrust of the discussion.

श्री आर. के. धवन : हमें भी अपनी बात कहने का अधिकार है (**व्यवधान**)

उपसभापति: आप बैठिये प्लीज।

Just now the matter which we are discussing in this House is about the sugar crisis. We are not discussing who can take a decision, and who cannot take a decision. That is a separate matter, and that can be taken up at a different forum but not here. You may confine yourself to what we are discussing.

SHRI S. JAIPAL REDDY: I am on a point of order. Madam, my point of order is this. The hon. Minister in all seriousness had raised a question as to whether the Food Secretary could float a global tender without the knowledge of the Minister. He wanted us to give the answer. We may not be aware of the answer. We may be divided in our answer. But the Minister feels that it was wrong. He was not only speaking for himself but he was also speaking for the entire Government. If that is the position of the entire Government, how is it that the Food Secretary still remains at the same job? One of the two, either the Minister or the Secretary, should go. How are they co-existing? This is my point of order ... (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I do not want any disturbance.

taries remain, the Government goes on

श्री कल्पनाथ राय आदरणीय उपसभापति महोदया, यह पब्लिक एकाउंटस कमेटी की रिपोर्ट है जिसमें सभी दलों के—राज्य सभा के लोक सभा के भी सदस्य हैं... (**व्यवधान**)

SHRI S. JAIPAL REDDY: What is your ruling on my point of order?

THE DEPUTY CHAIRMAN: It was pointed to the Minister not to me. In my Secretariat, there is no crisis of this nature.

श्री कल्पनाथ राय : आप लोगों ने जो सवाल उठाये हैं उन के दो पहलू हैं। एक वह पहलू है जो एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित है, दूसरा पहलू चीनी के संकट से हे दोनों पहलुओं पर मैं जवाब दे रहा हूं। यह पब्लिक एकाउंटस कमेटी की रिपोर्ट है जिसमें सभी दलों के सबसे इंपारटेंट मेम्बर हैं। पार्लियामेंट सुप्रीम है तो पब्लिक एकाउंटस कमेटी एक मिनी पार्लियामेंट है। आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जो इस कमेटी के चेयरमैन रहे हैं। 1989 में जो शुगर स्कैंडल हुआ था उसके संबंध में जो उस समय के प्रधान मंत्री वी. पी. सिंह ने इसकी सी. बी.आई. इन्क्वायरी करायी थी और इसके बाद जो पब्लिक एकाउटस कमेटी ने रिपोर्ट दी तो इस रिपोर्ट में तीन बातें है आदरणीय रेड्डी जी, पहली यह है कि फूड मिनिस्ट्री जिसमें फूड कारपोरेशन शामिल था, वह इंपोर्ट नहीं करेगा। दूसरी बात शामिल है कि कोई अनरजिस्टर्ड कम्पनी इंपोर्ट नहीं करेगी तीसरी बात यह थो कि यह जिम्मेदारी फिक्स की जाये कि कौन लोग जिम्मेदार है इस बगलिंग के लिये। चौथी बात, आदरणीय वाजपेयी जी ने अपनी रिपोर्ट में लिखी थी कि—

"The Committee would also emphasise that the mettar should be thoroughly examined bv the Minis-

try of Food with a view to devise the detailed remedial steps required to be taken in the matter of any future import undertaken by the Ministry so as to ensure that such imports are made in the most cost-effective and timely manner. The Committee would like to know the detained strategy proposed to be implemented by the Ministry in future in this regard."

यह रिपोर्ट 19 अप्रैल, 1993 को आदरणीय वाजपेयी जी ने पार्लियामेंट में सबमिट की । उसके बाद, आदरणीय चतुर्वेदी जी, हमारे फूड मंत्रालय ने 19 प्वाइंट की एक डिटेल्ड स्ट्रेटली जी भेजी– पब्लिक एकाउंटस कमेटी जो नयी बनी है उसको – क्या भेजी–

"Now since the STC is familiar all the technicalities of sugar imports, our imports should be made only through the STC.'

यह 14 फरवरी, 1994 . . (व्यवधान) मुझे आप बोलने दें । चतुर्वेजी जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी की जो रिपोर्ट 19 अप्रैल को सबमिट हुई उस आधार पर जो डिटेल्ड स्ट्रेटेजी हमारे खाद्य मंत्रालय ने भेजी पब्लिक एकाउंटस कमेटी को उसमें क्या लिखा –

"STC should be asked to maintain a list of registered sugar dealers in the international market on the basis of their track record and financial standing. STC should address all enquiries only to such dealers."

इसके बाद क्या लिखा :

"If import of sugar is made through STC, the Food Corporation of India would require to arrange movement of sugar from ports to consuming destinations and distribution in the country."

ये तीन बातें 14 फ़रवरी, 1994 को की गई हैं । पब्लिक एकाउटस कमेटी, आदरणीय विरोधी दल के नेता, देश के सम्मानित नेता, की जो रिपोर्ट हुई जिसमें सभी दलों के लोग थे और उसके बाद स्ट्रटजी सभी दलों के लोग थे उसकी हमने डिटेल हमारे एफ़्वल से 14 फरवरी, 1994 को जब यह सबमिट किया गया पब्लिक एकाउंटस कमेटी को तो मैं पूछना चाहता हूं कि इस रेकमेंडेशन के खिलाफ कैसे आचरण हो सकता था ? इसके खिलाफ आचरण कैसे हो सकता था? आदरणीय चदुर्वेदी जी, हमारे भूतपूर्व हो सेक्रेटरी (व्यवधान)

श्री त्रलोकी नाथ चतुर्वेदी : पी०ए० सी० मैं कंसिडर करूंगा. . . . (व्यवधान.

श्री कल्पनाथ राय : कंसिडर करेंगे और दूसरी बात यहां ओ०जी०एल० का सवाल उठाया गया (व्यवधान) यहां हमारे साथियों ने ओ०जी०एल० के सवाल पप मामला उठाया कि ओ०जी०एल० से क्यों चीनी मंगाई जा रही हें । तो श्री वाजपेयी और पब्लिक एकाउंटस कमेटी में क्या लिखा है :

"The Committee feel that if the import had been made through OGL, it would definitely have been both cheaper and quicker. The Committee feel that the better course at that time would have been to permit import through OGL only."

मैं कहना चाहता हूं कि जो यह निर्णय, इसके निर्णय का भारत की संसद में इसकी महान सर्वोच्च सत्ता के एक मंत्री से बड़े आप लोग हैं, मैर्क्स आफ पार्लियामेंट है । यदि इसकी बातों को सर्वसम्मत निर्णय को हम इंप्लीमेंट न करें तो आप क्या कहेंगे । दूसरे आइये शगर के मामले में. . . (व्यवधान) हमारे मित्रों ने. . . . (व्यवधान) दूसरी बात जब आदरणीय जयपाल रेड्डी जी जब फूड कारपोरेशन आफ इंडिया जिसकोहमने खुद लिखा है कि केवल डिस्ट्रीब्यूशन, हैंडलिंग, ट्रांसपोर्टिंग का काम करेगा जब उस एजेंसी का, जब बिना मंत्री से पूछे, पब्लिक ए,काउटस कमेटी के निर्णय के खिलाफ अगर कोई भी बड़े से बड़ा नौकरशाह निर्णय लेगा तो उस निर्णय को मैं रद्द करूंगा, लोकशाही का प्रतिनिधि होने के नाते ।

हमारे आदरणीय श्री जयपाल रेड्डी जी ने बहत सी बातें उठाई । अब शूगर की बात पर आइये । इतने लोगों ने बहस किया शूगर क्राइसिस, शुगर क्राइसिस मैं पूछना चाहता हूं कि जो आदरणीय

नरसिंह राव जी की सरकार ने पूरे हिन्दुस्तान में 1947 के बाद गन्ना किसानों का 12 रुपये क्विंटल दाम बढ़ाया, इतना दाम किस सरकार ने बढ़ाया और कब बढ़ाया, किसी समय बढ़ाया? (व्यवधान) मेरी बात सुनिये, एक आदमी ने किसानों की बात नहीं की ? जो किसान गन्ना पैदा करते हैं उन किसानों के संबंध में, अभी हमारे मित्र ने कहा कि नम्बर में,हमारे सी०पी०आई० के मित्र ने, शूगर प्रोडक्शन इन 1992 28 लाख 25 हजार टन, शगर प्रोडक्शन दिस ईयर 1993 आन दिस.. **(व्यवधान)** देखिये, मुझे बात कहने दीजिये (**व्यवधान**) और सुगर प्रोडक्शन 1993 में 1992से ज्यादा हुआ, 29 लाख 71 हजार टन । यह सुगर प्रोडक्शन इकानोमिक सर्वे आँफ इडिया का है । अब जोशी जी, आप बतायें, अगर कृषि मत्रालय कहता है कि इस साल हमारा सुगर ोडक्शन यह होगा और उस सुगर प्रोडक्शन के आधार पर कितनी चीनी पैदा होगी... **(व्यवधान)**...

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: Madam, I am on a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Under which rule are you asking?

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: I do not know the rule.

श्री कल्प नाथ राय : आदरणीय उपसभापति जी, जब कृषि मंत्रालय ने हमको रिपोर्ट भेजी कि पिछले साल से इस साल गन्ने का उत्पादन ज्यादा हुआ । पिछले साल 106 लाख टन हुआ और इस साल चीनी का उत्पादन 107 लाख टन होगा । तो पिछले साल से इस साल चीनी का उत्पादन ज्यादा होगा और हमारा 31 लाख टन कैरी-ओवर स्टॉक आलरेडी था जोकि हमारे बफर स्टॉक में था ।....**(व्यवधान)** मेरी बात सुनिये । मैं जानता हू कि आप लोगों को गन्ने के किसानों से कोई मतलब नहीं है और न आपको देश से मतलब है, इसलिये लगातार जनाज हिन्दुस्तान का उठता जा रहा है । मैं इस सबध में कुछ नहीं कहना चाहता । आदरणीय जयपाल रेड्डी जी, नवम्बर पिछले साल से इस साल नवम्बर में सुगर प्रोडक्शन ज्यादा हुआ । दिसम्बर में सुगर का प्रोडक्शन पिछले साल से ज्यादा हुआ । जनवरी में क्या प्राब्लम हुई कि जनवरी में उत्तर प्रदेश की सरकार ने गुड़ मूवमेंट का वैन उठा दिया । हमने आदरणीय मुख्य मत्री जी को पत्र लिखा कि वैन मत उठाइये क्योंकि महाराष्ट्र में सूखा पड़ा हुआ है । वहां चीनी का उत्पादन आधा हो गया है और उत्तर प्रदेश में भी गुड़ मूवमेंट को नहीं रोका गया तो चीनी का उत्पादन कम होगा । उन्होंने कहा कि हमारी कैबिनेट ने फैसला किया है कि जब गुड़ के किसानों को 70 रुपये, 80 रूपये क्विंटल गन्ने का दाम मिल रहा है तो आप क्यों यह काम करेंगे लिहाजा मैं अपनी कैबिनेट के फैसले के खिलाफ नहीं जा सकता । तब हमने 24 जनवरी को कैबिनेट सचिवालय को यह लिखा कि उत्तर प्रदेश में चूंकि मूवमेंट का वैन उठ गया है, इसलिये 10 लाख टन चीनी की शार्टेज होगी और इसकी व्यवस्था की जाये । एज ए खाद्य मत्री जो हमारी जिम्मेदारी थी, उस जिम्मेदारी को हमने पूरा किया और 9 मार्च को....**(व्यवधान)**... मेरी बात सुनिये ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : कैबिनेट सचिवालय ने क्या किया?

श्री कल्पनाथ राय : मेरी बात सुनिये । आप विद्वान हैं, केबिनेट मिनिस्टर रहे हैं ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : आपने कहा कि कैबिनेट सचिवालय को चिटेठी लिखी । तो कैबिनेट सचिवालय ने क्या किया ?

श्री कल्प नाथ राय : कैबिनेट सचिवालय ने 9 मार्च को मीटिंग की । इस 9 मार्च की मीटिंग में फैसला हुआ । उपसभापति महोदया दो तरह की चीनी

है । एक फ्री-सेल की चीनी है और एक पब्लिक डिस्ट्रीब्यशन की चीनी है जोकि 9 रुपये 5 पैसे के हिसाब से पूरे हिन्दुस्तान के गरीब वर्ग को कन्याकुमारी से काश्मीर तक हम दे रहे हैं। यह शरू से दे रहे हैं । हमारी डयूटी है और हम कोटा अलॉट करते हैं प्रदेश सरकारों को । दिल्ली के लिये पहले हम जितना कोटा अलाट करते थे, उतना इस साल अलॉट कर दिया अब यह आदरणीय मदनलाल जी खुराना का काम है कि उसको 9 रुपये किलो के हिसाब से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बिकवायें । यह जिम्मेदारी लालू प्रसाद यादव जी और आदरणीय शेखावत जी का है कि जो चीनी केन्द्र ने पी०पी०एम० के लिये अलाट की है, वह चीनी 9 30 रुपये 5 पैसे प्रति किलो के हिसाब से बिकती है । दूसरी चीनी, जो खाते-पीते धनाड्य लोगों की है जो कि फ्री-सेल मार्केट में बिकती है । मैं आपसे यह कहना चाहता हू कि इस चीनी में वह मार्केट फोर्स न लगे, उसके लिये ओ०जी०एल० में चीनी के लिये हमने 15 मार्च को पार्लियामेंट में घोषणा की । आप लोगों ने सवाल पूछे । उसमें 6 लाख टन चीनी के लिए ऑलरेडी प्रायवेट पार्टीज के कांटेक्ट किया है । दो-तीन लाख चीनी आ चुकी है ।

श्री कल्पनाथ राय : यह ठीक नहीं है । आप बीच में बोलते हैं ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him onswer. (*Interruptions*)... Let him answer. (*Interruptions*)... Please let him answer. Don't disturb him. (*Interruptions*)...

श्री कल्पनाथ राय : मैं आदरणीय विरोधी दल के राष्ट्रीय नेताओं से अपील करता हू कि हमारा पाइट गलत हो सकता है, लेकिन आपकी बातें हमने सुनी हैं, हमारी बात आप सुनिये । आज 9/- रुपये किलो के हिसाब से चीनी पूरे हिन्दुस्तान के हर प्रांत को केन्द्रीय सरकार एलाट करती है, पूरा एलॉटमेंट होता है । ज्योति बाबू की भी सरकार को वही एलाटमेंट मिल रहा है, जो एलाट मेंट पिछले साल मिलता था ।

डा० दिप्लब दासगुप्ता : पूरा नहीं मिलता । ...(**व्यवधान**)...

श्री कल्पनाथ राय : देखो, इस तरह से बात करने से क्या होगा? कहां से बैरिस्टरी पढ़े हैं आप ? ...(**व्यवधान**)..मैं आपसे यह कहना चहता हू कि पी.डीएम. सार्वजनिक वितरण प्रणाली की चीनी 9/- रुपये किलो के भाव से 3,35,000 टन पूरे हिन्दुस्तान के लिये रिलीज होती है । यह पूरे देश के लिये, तमिलनाड से लेकर जम्मू कश्मीर तक की गरीब जनता के लिये चीनी रिलीज होती है, आज भी हो रही है और 30 अक्तूबर तक इसका सीजन खत्म होगा तब तक रिलीज होती रहेगी । दूसरी चीनी, फ्री सेल की बाजार में जो बिकती है, जिसका सप्लाई और डिमांड के आधार पर दाम तय होता है, उसके लिये ओ,जी.एल. खोला गया है, कस्टम डयूटी को आदरणीय वित्त मत्री जी ने माफ किया है यानी जो चाहे हिन्दुस्तान का, वह विदेश से चीनी ला सकता है । छह लाख टन चीनी उन्होंने खरीदी, करीब ढाई लाख टन फिलहाल आ चुकी है और इसे दिल्ली में पब्लिक उपभोक्ता भडार में साढ़े 14 रुपये किलो बेचा जा रहा है । इसके 500 सेंटर खोले हैं । हिन्दुस्तान टाइम्स में एडवर्टाइजमेंट किया गया है कि इन 500 जगहों पर दिल्ली में साढ़े 14 रुपये किलो के हिसाब से जो चाहे चीनी खरीदे और इन उपभोक्ता भडार से खरीदे ।

श्री गुरुदास दासगुप्त : यह 14/- रुपये बहुत कमती दाम है ? ...(**व्यवधान**)..

श्री कल्पनाथ राय : मेरी बात सुनिये । मैं आपसे कहना चाहता हू...(**व्यवधान**).. आदरणीय जोशी जी, बी.आई०सी०पी० जो इडस्ट्रियल कोस्ट प्राइस ब्यूरो है, उसकी रिपोर्ट है कि चीनी की कोस्ट आफ प्रोडक्शन साढ़े 11 रुपये पर किलो है, जो चीनी सरकार लेती है वह 40 फीसदी तो 9/- रुपये किलो के हिसाब से लेती है । तो 9/- रुपये से साढ़े 11 रुपये यानी ढाई रूपये इस साढ़े 11 रुपये में जोड़ दें तो वह 14/- रूपये के भाव से चीनी मिल के गैट पर मिलती है और जो रिटेल में लाकर साढ़े 14

रुपये या 15 रुपये या 16, 17 रुपये में बिकती है ।

उपसभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि जो बी.आई.सी.पी. की रिपोर्ट है, एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर तो गन्ने का दाम तय होता है, लेकिन बी.आई.सी.पी. की रिपोर्ट के आधार पर इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट का दाम तय होता है । आदरणीय रेड्डी जी, आप हमें बतायें कि आज हमने हिन्दुस्तान के किसानों के गन्ने के दाम सबसे ज्यादा नहीं बढ़ाये हैं 1947 के बाद ? आदरणीय सिकन्दर बख्त जी, आपकी भी जनता सरकार थी, आप रहे हैं सरकार में, उस समय क्या नारा था ? कि—बोलो बेटा चरण सिंह की जय, गन्ना बिके पौने छह । (व्यवधान) . . .

उस समय लाखों एकड़ में खड़ा गन्ना जलाया गया या नहीं ? गन्ने के खेत ... दिये गये या नहीं ? आप आदरणीय मोरार जी की केन्द्रीय कैबिनेट के, मंत्रिमंडल के सदस्य रहे है, मैं आपसे पूछता हूं । वर्ष 1977 से 1980 तक आपको हुकूमत चलाने का मौका मिला, उस समय किसानों का गन्ना पौने छह रुपये क्विंटल पर भी कोई खरीदने को तैयार नहीं था और आज किसानों को गन्ने का दाम 60/- रुपये क्विंटल कांग्रेस की सरकार दे रही है । (व्यवधान) . . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : कितनी महगाई बढ़ी है तब से ? . . . (व्यवधान) . . .

श्री कल्पनाथ राय : और, दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं । . . . (व्यवधान) . . .

श्री सिकन्दर बख्त : चीनी के दाम का बताइये, उसमें क्या है? (व्यवधान) . . . चीनी तो 2/- रुपये किलो बिकती थी । (व्यवधान) . . .

श्री कल्पनाथ राय : मैंने बताया कि ब्यूरो आफ इंडस्ट्रियल कोस्ट . . (व्यवधान) . . मेरी बात तो सुनिये । बी.आई.सी.पी. की रिपोर्ट के आधार पर, रिकमंडेशन पर चीनी का दाम तय होता है ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, what is this? He is defending the price rise. It is very unfortunate. (*Interruptions*).

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: The Minister is talking*.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him finish. Let him speak.

अभी बोलने तो दीजिये, जवाब तो देने दीजिये । . . (व्यवधान) . . .

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: This is not the way. (*Interruptions*).

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: He is misleading the House. (*Interruptions*). Madam, what is this? (*Interruptions*).

SHRI MD. SALIM: Madam, what is this going on?

(*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Salim, please sit down.

श्री कल्पनाथ राय : उपसभापति महोदया, (व्यवधान) . . .

श्री एस० एस० अहलुवालिया : ये इस तरह के शब्दों का क्यों प्रयोग कर रहे हैं ? (व्यवधान) . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. (*Interruptions*). The reply is going on. Don't use the word 'nonsense'. It will not go on record. Don't use the word which we do not use in the House. It will not go on record.

श्री कल्पनाथ राय: उपसभापति महोदया, . . (व्यवधान) . .

उपसभापति : सलीम साहब, बैठिये । बैठ जाइये । . . (व्यवधान) . . .

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam.. (*Interruptions*).

*Expunged as ordered by the Chair.

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: Madam... (*Interruptions*).

SHRI MD. SALIM: Madam,... (*Interruptions*).

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. (*Interruptions*).

श्री एस०एस० अहलुवालिया : मैडम, अभी प्रकाश यशवन्त अम्बेडकर ने कहा है कि The Minister of is talking*

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR: Yes, he is talk'g*.

SHRI S. S. AHLUWALIA: What is this? (Interruptions).

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will look into the record. (*Interruption*).

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, is the word unparliamentary? (*Interruptions*).

श्री एस०एस० अहलुवालिया : बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है। (व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: This word is unparyiamentary according to our book. I will not allow it to go on record.
मंत्री जी, आप जरा जवाब दीजिये।

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, मैंने सभी मित्रों से कहा कि बीआई सीपी से, इंडस्ट्रियल शूगर का दाम वह तय करता है, वह एक्सपोर्ट बाडी है और गन्ने का दाम तय करता है एग्रीकल्चर कास्ट एंड प्राइस कमीशन।.. (व्यवधान) ...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Is this an argument? (*Interruptions*).

श्री मोहम्मद सलीम : इसी सवाल पर शिकायत है इस पर आरग्यूमेंट नहीं हो सकता। गलत हिसाब दिखा रहे हैं वह। (व्यवधान) ...

*Expunged as ordered by the Chair.

شری محمد سلیم: اسی سوال پر شکایت ہے اس پر آرگیومنٹ نہیں ہو سکتا۔ غلط حساب دکھا رہے ہیں وہ . . . " مداخلت " . . .

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It gives a wrong message to the country. (*Interruptions*).

श्री मोहम्मद सलीम : वह गलत जवाब नहीं बतायें। (व्यवधान) ...

شری محمد سلیم: وہ غلط جواب نہیں بتائیں . . . " مداخلت " . . .

श्री कल्पनाथ राय : उपसभापति महोदया ये सवाल आप लोगों की तरफ से पूछे गये हैं; अगर मैं आपको गलत.. (व्यवधान)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, he is defending the price rise. (*Interruptions*).

श्री कल्पनाथ राय : मैं आपसे कहना चाहता हूं .... (व्यवधान).... मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जो हमारे मित्रों ने सवाल उठाए हैं और बीसियों-पच्चीसियों प्लोगों ने बोले हैं, उनका उत्तर देना मेरे लिए जरूरी है। शूगर का दाम ब्यूरो आफ इंडस्ट्रियल कास्ट एंड प्राइसिस तय करता है और गन्ने का दाम एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन तय करता है। मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि जब यह नरसिंह राव जी की सरकार बनी और जसि [illegible] खाद्य मंत्री बनने का मौका मिला... (व्यवधान)... उपसभापति महोदया, 475 करोड़ रुपया हिन्दुस्तान के किसानों का गन्ना मिलों पर, सहकारिता की मिलों पर, प्राइवेट मिलों पर बकाया था और उसी किसानों के बकाया के सवाल को लेकर उत्तर प्रदेश में लाठी-गोली चली थी। कई किसान मर गए, हजारों किसान जेल गए। आदरणीय नरसिंह राव जी ने... (व्यवधान) मैं आपसे कहना चाहता हूं

कि आदरणीय नरसिंह राव जी ने कहा कि जब तक गन्ना किसानों को उनका बकाया नहीं दिया जाएगा तो वे किसान गन्ना नहीं बोएंगे । 475 करोड़ रुपए .... **(व्यवधान)** यह नहीं हो सकता । क्या बात करती हैं आप । ... **(व्यवधान)**

DR. BIPLAB DASGUPTA: The Minister is not talking sense... He is making a fool of himself. ..(*Interruptions*).

SHRI GURUDAS DASS GUPTA: It is absolutely senseless.

SHRI KALP NATH RAI: You know nothing about it... (*Interruptions*).

श्री एस० एस० अहलुवालिया : किसानों के बफादार बनते हैं और किसानों की बात नहीं सुन रहे हैं । ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : अहलुवालिया जी, आप बैठ जाइए । कल्पनाथ जी, बहुत समय हो गया, सवा छः बज गया है । हम लोग पूरी एग्रीकल्चर पौलिसी गन्ने की डिस्कस नहीं कर रहे हैं । .... **(व्यवधान)**

I don't want any clapping for it Mr. Minister, you please try to confine yourself to the question put. Otherwise, it will go out of hand. The discussion and the reply will totally go out of hand. So, please confine yourself to the questions. While I have requested the Minister, I also request the Member kindly not to disturb him because if anybody disturbs him, then he will go out of hand... (*Interruptions*) I said about the discussion. I said before that the discussion would go out of hand... (*Interruptions*). I told the Minister, "The discussion will go out of hand.' So, please, don't disturb him.. (*Interruptions*) I am very serious... (*Interruptions*). Please, just a minute. I want silence in the House. I have requested the Minister to confine himself to the discussion in the House. Now, if you disturb, then I can get confused, he can get confused and you can get confused. So. please, don't do that. Let him confine himself to the questions and I request everybody not to disturb him. Otherwise, the discussion will not be in proper order. It will really go out of hand. I am telling you again... (*Interruptions*)

SHRI M. A. BABY: We are already confused.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपाध्यक्ष महोदया, आप यहां पर मौजूद नहीं थीं और आपके न रहने पर 25–30 माननीय सदस्यों ने जो सवाल उठाए, अगर उनके प्रश्नों का जवाब नहीं दूं तो यह उचित नहीं है ।

उपसभापति : नहीं, आप दीजिए । आप जरूर जवाब दीजिए ।

श्री कल्पनाथ राय : आपने यहां पूछा कि प्राइस क्यों बढ़ा । तो प्राईस को बढ़ाने के लिए, मैंने कहा कि शुगर का प्राईस ब्यूरो आफ इंडस्ट्रियल कास्ट एंड प्राईसेज तय करता है । तो बी. आई. सी. पी. ने जो डिसाइड किया, उसको मैं सदन को नहीं बताऊं तो यह उचित नहीं है ।

उपसभापति : नहीं, आप बताइए । जो सवाल किए हैं वह जरूर बताइए । .... **(व्यवधान)**

श्री कल्पनाथ राय : दूसरी बात, एग्रीकल्चर कास्ट एंड प्राईसेज कमीशन जो किसानों के गन्ने का दाम तय करती हैं, अगर वह नहीं बताऊं तो फिर चीनी का दाम कैसे तय होगा, कौन तय करेगा । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि गन्ने का जो प्रोडक्शन घटा उसका एक कारण यह भी था कि 475 करोड़ रुपए .... **(व्यवधान)**

उपसभापति : अभी डिस्टर्ब नहीं कीजिए ।

श्री कल्पनाथ राय : रेड्डी साहब, आप जो बात बोले हैं, 475 करोड़ रुपए गन्ना किसानों का बकाया था, जिस दिन हम खाद्य मंत्री बने, प्रधान मंत्री जी ने कहा कि –कल्पनाथ, पहले गन्ना किसानों का दाम नहीं दोगे तो गन्ना किसान गन्ना नहीं बोएंगे । 475 करोड़ रुपए में 460 करोड़ गन्ना किसानों का भुगतान हमारी सरकार ने किया, केन्द्र की सरकार के द्वारा किया गया है । ... **(व्यवधान)**

डा. मुरली मनोहर जोशी : महोदया, यही सवाल है जो गन्ने का दाम.... **(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN: I told you not to disturb. He is confining... (*Interruptions*). Joshiji, please, I will not allow... (*Interruptions*). I am not allowing it... (*Interruptions*). Joshiji, please, I requested not to interrupt. You had your time. You had your discussion. You put your questions. Please, let him reply. He has not completed. This is neither a Question Hour nor a debate in a school. You made your point. He has to answer, please.

श्री कल्पनाथ राय : मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जो ये लोग इतने घंटों से सवाल पूछ रहे हैं, अगर मैं उन प्रश्नों का जवाब दे दूं तो ठीक नहीं होगा । जबसे देश आजाद हुआ, तब से कांग्रेस सरकार ने गन्ने का जो दाम दिया है, आप बताइए क्या हिन्दुस्तान के इतिहास में कभी किसी ने दिया है । तो जब गन्ने का दाम बढ़ेगा तो चीनी का दाम भी बढ़ेगा, वह रुक नहीं सकता । यह सच्चाई अगर आप स्वीकार नहीं करते हैं तो आपकी इच्छा । हम 9 रुपए प्रति किलों के हिसाब से चीनी सारे हिन्दुस्तान को दे रहे हैं .... (**व्यवधान**)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I don't understand. When I told the Members not to disturb the Minister, they are doing it. It seems they don't understand my language. I don't know which language I should speak.

श्री कल्पनाथ राय : उपसभापति महोदया, 9 रुपए 5 पैसे प्रति किलो के हिसाब से हिंदुस्तान की करोड़ों-करोड़ गरीब जनता को चीनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से यह सरकार दे रही है । आदरणीय रेड्डी जी, मैं आपसे पूछता हूं कि यह जिम्मेदारी किसकी है ? यह जिम्मेदारी प्रदेश सरकारों की है । बिहार की सरकार, राजस्थान की सरकार, बंगाल की सरकार, उत्तर प्रदेश की सरसरकार, महाराष्ट्र की सरकार, केरल की सरकार, मध्य प्रदेश की सरकार, इन सारी सरकारों की जिम्मेदारी है कि 9 रुपए प्रति किलो के हिसाब से हम जो चीनी दे रहे हैं, वह चीनी वे अपनी सिविल सप्लाई मिनिस्ट्री के माध्यम से आम जनता को पहुंचाएं । मैं कहना चाहता हूं कि हम कास्ट आफ प्रोडक्शन से ढाई-तीन रुपए कम दाम पर गरीब जनता को चीनी मुहैया कराते हैं ।

आदरणीय जोशी जी, आप तो प्रोफेसर रहे हैं । कल मैंने आपको सुना । जैसे ही मैं आया जोशी जी बोलने लगे । हमारे आदरणीय मित्र क्या-क्या बोले । मैं तो इतना ही कहूंगा कि प्रोफेसर रहने के नाते कुछ शिष्टाचार, अनुशासन आप में भी होना चाहिए । आपने सारे जीवन छात्रों को पढ़ाया है । आपसे इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि जैसा, आप अपने प्रति व्यवहार हमसे चाहते हैं वैसा ही व्यवहार आप भी हमारे साथ करें । यह संसद हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा मंदिर है और जो संविधान है वह हमारी गीता है । इस देश के सबसे बड़े मंदिर में हम संविधान रूपी गीता हाथ में लेकर कसम खाते हैं । यहां पर हम लोग बहस करें, जितनी भी बिटर बहस करना चाहें करें लेकिन ऐसा काम न करें कि प्रजातंत्र और लोकतंत्र भी समाप्त हो जाए । एक ही बात में आपको सुनाऊंगा—

"कमज़र्फ को साकी जाम न दे,
तौहीन न कर पैमाने की,
वह पी लेगा फिर बहकेगा,
शामत होगी पैमाने की"

तो रेड्डी जी आपसे निवेदन है कि ऐसा काम मत कीजिए । आपने एक बार भी प्रशंसा नहीं की कि इस सरकार ने हिंदुस्तान के किसानों का 475 करोड़ रुपया दे दिया । आपने एक बार भी नहीं कहा कि 12 रुपए क्विंटल का दाम बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपए हिन्दुस्तान के किसानों को नरसिंहराव जी की सरकार ने दे दिया । ... (**व्यवधान**)

SHRI SIKANDER BAKHT: Will you request him to come down to *chini* from *gaana*? Let him come down to *chini*.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, हमारे मित्र राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश में कैबिनेट के मंत्री थ और हमारी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

भी मुख्य मंत्री रहे है, आप सरकार के मंत्री थे एक साल तक किसानों को दाम नहीं दिया गया ।.... **(व्यवधान)**। मैं कोई आलोचना नहीं करना चाहता । लेकिन जो सरकार की बाध्यताएं हैं, जो सरकार के कंपलांस हैं, उनको आप भी जब सरकार में थे तो चाहते हुए भी आप नहीं दे पाए । लाठी चली, गोलियां चलीं । हजारों लोग मारे गए । हजारों लोग जलाए गए, किसान मारे गए देवरिया में राम टावेला में क्या हुआ ? राम कोला में गोली चली .... **(व्यवधान)**

SHRI M. A. BABY (Kerala): Madam, I am on a point of order.

उपसभापति : कल्पनाथ जी बैठिए, एक प्वाइंट आफ आर्डर है । .... **(व्यवधान)**

श्री कल्पनाथ राय : कोई प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is for me to decide. (*Interruptions*) I do not understand why you people get up. Sikander Bakht Sahib, can you control your Members? (*Interruptions*).

SHRI M. A. BABY: Madam, my point of order is that the whole House was exercised over a scandal, and in its wisdom the Business Advisory Committee decided that there will be a Short Duration Discussion, and Members have raised many relevant points, and the Minister is expected to reply to the points raised. If the Minister is for having this kind of a cultural programme, perhaps, the Constitution Club can organise a ticketed programme in the Mavalankar Auditorium, but we expect the Minister to reply to the questions that we have raised. Therefore, from the Chair, kindly direct the Minister to address the points raised by the hon. Members in the discussion. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have to deal with his point of order. I may not agree with whatever language he has used, but what he tried to say and the others are also objecting is बीच में लोग बोल रहें हैं कि उन्होंने जो प्वाइंट उठाए हैं उनका जवाब दें, दीजिए रिपिटिशन मत कीजिए, बहुत लेट हो गया ।

We have other busienss also.

आप प्वाइंट वाइज प्वाइंट जवाब दे दीजिए। .... **(व्यवधान)**

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, हमारे मित्र लोगों ने सवाल उठाया मालेसेज के डिकंट्रोल का सवाल उठाया । मैं कहना चाहता हूं कि मालेसेज को डिकंट्रोल करने के लिए आदरणीय चौधरी चरण सिंह जी ने, शिब्बनलाल सक्सेना जी ने, केदार सिंग बसंत दादा पाटिल सारी जिन्दगी संघर्ष करते रहे । मालेसेज को डिकंट्रोल करके नरसिंह राव जी ने उस उद्योग को इतना जानदार बना दिया है कि जिससे भविष्य में भारत की जनता को लाभ मिलेगा ।

श्रीमती सुषमा स्वराज मेरा प्वाईंट आफ आडर है...

श्री कल्पनाथ राय : प्वाइंट आफ़ आर्डर क्या है, कोई नहीं है । मैं आपसे कहना चाहता हूं ....

श्री राज नाथ सिंह : मोलेमिस के डी-कंट्रोल करने से मिल मालिकों को धनवान बना दिया है आपने । **(व्यवधान)**

श्री कल्पनाथ राय : मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं । जब इनके सवाल का जवाब दे रहा हूं तो आप मेरी मदद नहीं करेंगी तो मैं क्या करूंगा । **(व्यवधान)** सवाल उठाया है जवाब दे रहा हूं । **(व्यवधान)**

उपसभापति : चेयर आपकी मदद कर रही है इसलिए सबको चुप करा रही हूं । मैं आपकी पूरी बदद कर रही हूं । इसलिए मैंने आप से कहा कि अगर आप उन सवालों का प्वाटेंब जवाब देंगे तो मैं दूसरों को चुप करा सकती हूं । अगर बहुत ज्यादा लम्बा बोलेंगे तो मुश्किल होगी हाउस में ।

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, यह सवाल हमारे विद्वान जयपाल रेड्डी जी ने उठाया था । उनकी बात का जवाब मैंने दे दिया है । अगर ये लोग मोलेसिस के डीकंट्रोल के लिए संघर्ष नहीं करते तो किसानों के हित में ... (**व्यवधान**) जब चीनी उद्योग की बात आप करते हैं तो चीनी उद्योग की बात करना, गन्ना पैदा करने वाले किसान की बात करना, गन्ना मिल मालिक की बात, इसका उपभोग करने वालों की बात .... (**व्यवधान**)

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Madam, still he is not... (*Interruptions*)... What he is say about molasses is... (*Interruptions*)...

श्री जनार्दन यादव : शुगर स्कैंडल में क्या हुआ ? .... (**व्यवधान**)

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय जनार्दन यादव जी आप बिहार से आते हैं । कितना बढ़िया प्रशासन वहां चल रहा है आपको इसकी जानकारी है .... (**व्यवधान**) जब इस तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं तो मैं क्या कर सकता हूं । (**व्यवधान**) मैं आपसे कहना चाहता हूं मैं दो मिनट में खत्म कर रहा हूं । (**व्यवधान**)

श्री जनार्दन यादव : शुगर स्कैंडल के बारे में क्या हुआ वह बताइये । कौन जिम्मेदार है (**व्यवधान**)

उपसभापति : कल्पनाथ राय जी, मेरा आपसे निवेदन है कि कृपया आप रिपीट न करें । क्योंकि अगर आपने एक दफा बोल दिया तो आप उम्मीद करिये कि मेम्बर समझ गये होंगे फिर दूसरे प्वाइंट पर आइये । (**व्यवधान**)

श्री सिकन्दर बख्त : मेरा सिर्फ यह कहना है कि बात को महदूद रखिये अक्तूबर, 93 से लेकर अब तक, मेहरबानी होगी ।

रात का न जिक्र कर रात तो गुजर गई,
ए सहर तू यह बता रोशनी किधर गई ।

मेहरबानी करके अपनी बात को अक्तूबर से लेकर अब तक महदूद रखिये। (**व्यवधान**)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, no more interruptions, no more suggestions, please. Enough. I am not allowing any... (*Interruptions*)...

श्री कल्पनाथ राय : : उपसभापति महोदया, आखिरी बात कह कर मैं खत्म करूंगा । सिकन्दर बख्त जी जी ने कहा है .... (**व्यवधान**)....

श्रीमती सुषमा स्वराज : कौन जिम्मेदार है यह बताइये ।.... (**व्यवधान**)....

श्री कल्पनाथ राय : जब सरकार में आप होंगे तो सरकार.... (**व्यवधान**) एक मिनट मेरी बात सुनिये ।... (**व्यवधान**) हमारी बात सुन लीजिये । जब आपकी बात हमने सुन ली तो आप अपने मेंबरों से कहें कि वे मेरी बात भी सुनें । मेरा कहना है कि यह राजनीति नहीं चलेगी कि मीठा मीठा गप कडवा कडुवा थू, यह नहीं चलेगा । जब आप सरकार में होंगे तो गन्ना जलाया जायेगा । जब आप सरकार में होंगे, जब आप सारे विरोधी दलों के लोगों की सरकार होगी तो गन्ना जलाया जायेगा और जब आपकी सरकार प्रदेश में होगी तो किसानों पर लाठी, गोली चलायी जायेगी ।... (**व्यवधान**)...एक ही बात.

SHRI SIKANDER BAKHT: He is going beyond all limits. This is absolutely unbearable. We cannot tolerate this* We are walking out against this*

(At this stage some hon. Members left the chamber)

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Madam, as the Minister has not replied to the points raised by the hon. Members, we are walking out.

(*At this stage some hon. Members left the chamber*)

*Expungged as ordered by the Chair.

श्री कल्पनाथ राय : आपको मेरी बात सुननी होगी । आप लोग जब सरकार में होंगे तो लाठी गोली चलेगी । आप जब सरकार में होंगे तो किसानों का गन्ना जलवायेंगे । जो सरकार अच्छा काम कर रही है, उस सरकार के खिलाफ इस तरह की बातें उचित नहीं । इन शब्दों के साथ में इस प्रस्ताव का विरोध करता करता हूं । धन्यवाद ।

श्री कैलाशनारायण सारंग : "जिनको न पीने का सलीका न पिलाने का शऊर, ऐसे कमज़र्फ को महफिल में बुलाते क्यों हो ।

THE COIR INDUSTRY (AMENDMENT) BILL, 1993

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): Madam, I move.

That the following amendments made by the Lok Sabha in the Coir Industry (Amendment) Bill, 1993, be taken into consideration, namely:—

ENACTING FORMULA

1. Page 1, line 1,—

for 'Forty-fourth' *substitute* 'Forty-fifth'

CLAUSE-1

2. Page 1, line 3,—

for '1993' *substitute* '1994'

The question was put and the motion was adopted.

SHRI M. ARUNACHALAM: Madam, I move:

That the amendments made by the Lok Sabha in the Bill be agreed to.

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know it is quarter to seven o'clock now. The Minister of Health is here for giving the reply. If Members want, we can ask him to reply.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRIMATI MARGARET ALVA): Madam, the Ordinances are being passed, and it will be reported... (*Interruptions*).

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Madam, Special Mentions are there. M

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, the Special mentions are pending. Now I will call the names for the Special Mentions.

SPECIAL MENTIONS

Insult and humiliation to the Chairman of Scheduled Castes Scheduled Tribes Commission

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : उपसभापति महोदया' दलितों पर होने वाले अत्याचारों की घटनायें आये दिन अखबारों में छपती हैं और अक्सर उन मसलों को सदन में भी उठाया जाता है । लेकिन जब भी हम लोग सरकार से यह पूछते हैं कि इस समस्या के निराकरण के लिये सरकार ने क्या उपाय सोचें हैं तों बहुत ही दभ के साथ एक बात बार-बार सरकार की ओर से कही जाती है कि हमने अनुसूचित जाति और अनसूचित जनजाति के लिये एक राष्ट्रीय आयोग का गठन किया । यह बात एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर सरकार की ओर से गिनाई जाती हैं । लेकिन आज मैं आपके माध्यम से सरकार में बैठे हुये लोगों से यह पूछना चाहती हूं कि यदि राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष स्वयं अत्याचार के शिकार हो जायें तो वह किस के दर पर जाकर गुहार करें? इस समय यह मसला सदन में उठाते समय मेरे हाथ में अनसूचित जाति और